

# हरिभूमि रायपुर भूमि



- पुलिस बल, जोन 2 कमिश्नरी, बाजार विभाग और टीम प्रहरी घूम-घूमकर लेते रहे जायजा
- मौदहापारा पुलिस थाने से मस्जिद तक सड़क के दोनों ओर 11 बजे तक लगा बाजार
- विनार बार के सामने से ठेले हटाए

## संडे बाजार की मॉनिटरिंग में डटा रहा अमला, एमजी रोड गली गुजराती स्कूल वाली गली क्लीयर, समझाइश देती रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मौदहापारा पुलिस थाने से दुर्गा कालेज के सामने मस्जिद तक साप्ताहिक संडे बाजार में रविवार को निगम, पुलिस प्रशासन का अमला लगातार बाजार की व्यवस्था पर नजर रखने घंटों डटा रहा। इस दौरान एमजी रोड वाली गली, गुजराती स्कूल गली की सड़क पहले से ज्यादा चौड़ी नजर आई। फेरीवाले इस बार इन गलियों में आने से बचते रहे, पिछले सप्ताह मनाही के बाद भी इन गलियों में फेरीवाले सड़क घेरकर सामान बेचने पहुंचे थे, जिसे टीम प्रहरी ने पुलिस बल की सहायता से गलियों से हटाकर निर्धारित जगह भेज दिया था। नगर निगम जोन 2 कमिश्नर संतोष पांडे, निगम मुख्यालय के बाजार विभाग की टीम और पुलिस प्रशासन के अधिकारी सुबह से ही संडे बाजार पर नजर रखने स्पॉट पर मौजूद रहे। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर ⏭ शेष पेज 11 पर

### बैठक में बनेगी रणनीति

महापौर मीनल चौबे ने बाजार विभाग और जोन 2 कमिश्नरी को निर्देशित किया है कि संडे बाजार के सूचीबद्ध फेरीवाालों उनके आधार कार्ड जल्द जमा कराएं। होली त्योहार के बाद महापौर, निगम आयुक्त और जोन तथा बाजार विभाग के अधिकारियों के साथ संडे बाजार के सूचीबद्ध फेरीवालों की बैठक मुख्यालय में होगी, जिसमें संडे बाजार से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर रणनीति बनाई जाएगी।

### फेरीवालों की संख्या 400 से पार

संडे बाजार में केके रोड से मस्जिद तक सड़क के दोनों किनारे फेरी लगाने वाले फुटकर विक्रेताओं की संख्या 400 से पार हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, नगर निगम जोन 2 और बाजार विभाग के संयुक्त सर्वे में 300 फेरीवालों को सूचीबद्ध कर उनसे आधारकार्ड जमा करने कहा गया है। इसके अलावा वार्ड पार्षद के माध्यम से संडे बाजार में व्यवसाय करने वाले स्थानीय फेरीवालों की पहचान कर परिचयपत्र की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए आधारकार्ड लिया जा रहा है, गुजराती स्कूल गली में सालों से फेरी लगाने वाले करीबन 50 फेरीवाले महापौर से संडे बाजार में जगह उपलब्ध कराने गुहार लगा चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### देशी कट्टे के नोक पर धमकाते धरा गया हिस्ट्रीशीटर



**रायपुर।** उरला पुलिस ने देशी कट्टे के नोक पर एक युवक को धमकाने के आरोप में एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मोहम्मद आमीर उर्फ बद्री को धर-दबोचा है। आमीर एक निर्माणाधीन कांप्लेक्स के पास एक युवक को धमका रहा था। आमीर के खिलाफ माना, मौदहापारा, खमतराई और उरला में मारपीट, बलवा, लूट और हत्या के प्रयास सहित दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

### शराब की अवैध बिक्री दो कोचिया गिरफ्तार



**रायपुर।** उरला पुलिस ने शराब बिक्री करते एक युवक तथा एक महिला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 72 पौवा देशी शराब के साथ शराब बिक्री के पांच सौ रुपए भी जब्त किए हैं। अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने बिरगांव निवासी सरिता उईके तथा योगेश बंजारे को गिरफ्तार किया है। दोनों को पुलिस ने शीतला तालाब के पास बोरी में रखकर शराब बेचते पकड़ा।

### आयकर विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी से दो लाख ठगे

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में आयकर विभाग के एक सेवानिवृत्त कर्मी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ मोबाइल हैक कर उसके अकाउंट से दो लाख रुपए आहरण कर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। हरदेव लाला मंदिर के पास निवासी चोलाराम मरकाम ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। चोलाराम ने पुलिस को बताया कि वह अपने एटीएम कार्ड से अकाउंट चेक करने एटीएम बूथ गया तो उसे अपने अकाउंट से दो लाख रुपए कम होने की जानकारी मिली। अज्ञात जालसाज ने चोलाराम के अकाउंट से अलग-अलग बैंक अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर ठगी का शिकार बनाया है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 पुलिसकर्मी सम्मानित



**रायपुर।** राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने एक माह की पुलिसकर्मी तथा थानों के एसएचओ के कार्यों की समीक्षा कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया है। एक महीने के अवधि में ई-चालान, अपहरण, चोरी, नकबजनी, नारकोटिक्स एक्ट, आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया है। सम्मान पाने वालों में ट्रैफिक टीआई भुनेश्वर साहू तथा विशाल कुजूर के नाम शामिल हैं।

## होली में कहीं हुड़दंग-उपद्रव हुआ तो पांच मिनट में पहुंचेगी पुलिस, रिस्पांस टाइम तय



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में होली के दौरान हुड़दंग और अपराध रोकने के लिए पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर तीनों जोन के डीसीपी ने व्यापक कार्रवाई शुरू कर दी है। होली में कानून व्यवस्था बिगाड़ने की आशंका में अलग-अलग जोन में पुराने के साथ नए गुंडे-बदमाशों की पहचान कर चार सौ के करीब बदमाशों को पुलिस ने एहतियातन प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है। किसी जगह गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर पुलिस कमिश्नर ने पांच मिनट का रिस्पांस टाइम निर्धारित किया है। पुलिस कमिश्नर ने नार्थ, सेंट्रल तथा वेस्ट जोन के डीसीपी को अपने-अपने ⏭ शेष पेज 11 पर

### आज से शहर की एंट्री पाइंट सील

आसामाजिक तत्व शहर के अंदर किसी तरह से गड़बड़ी नहीं कर पाए, इसके लिए शहर के सभी एंट्री पाइंट को सोमवार से सील कर दिया जाएगा, जो बुधवार शाम तक जारी रहेगा। इसके साथ ही बाहर से आनी वाली सभी गाड़ियों की एंट्री पाइंट पर जांच की जाएगी।

### ऐसा करने पर हो सकती है होली बदरंग

पुलिस कमिश्नर ने तीनों जोन को स्पष्ट तौर पर निर्देश दिए हैं कि होली के दिन दोपहिया वाहन में ट्रिपलिंग करते कोई पकड़ा जाता है, उसकी गाड़ी जब्त करने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही खुली जीप में ⏭ शेष पेज 11 पर

### रिस्पांस टाइम पांच मिनट

होली में 10 फोल व्हीलर के साथ ही बड़ी संख्या में दो पहिया पेट्रोलिंग वाहन से पुलिस की टीम पेट्रोलिंग करेगी। किसी जगह अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर रिस्पांस टाइम पांच मिनट निर्धारित किया गया है। इसके अलावा ⏭ शेष पेज 11 पर

### पुलिस कमिश्नर की एडवाइजरी

- किसी की मर्जी के बिना जबरदस्ती रंग डालना या पानी फेंकना कानूनी अपराध माना जाएगा और एफआईआर दर्ज की जा सकती है।
- शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने और हुड़दंग से बचने की अपील की गई है।
- सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर उत्पात मचाने और बुलेट से पटाखे जैसी आवाज निकालने वालों पर तत्काल सख्त कार्रवाई होगी।
- अपराधियों की पहचान करने में आसानी हो, इसलिए विक्रेताओं से मुखौटे न बेचने का आग्रह किया गया है।
- सार्वजनिक स्थान पर सड़क घेर डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### गली, मोहल्लों की निगरानी बढ़ाई जाएगी

होली के दिन ज्यादातर विवाद की घटनाएं गली, मोहल्लों के साथ निचली बस्तियों में होती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग जोन में संवेदनशील स्थानों को चिन्हांकित कर वहां पुलिस बल की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जहां पेट्रोलिंग वाहन नहीं पहुंच पाएगा उन स्थानों की दोपहिया वाहन से पेट्रोलिंग दस्ता भेजे जाने की निर्देश दिए हैं।

## राजधानी में 500 से ज्यादा स्थानों पर जलेगी होली

पुलिस कमिश्नरेट के नार्थ, मध्य तथा वेस्ट जोन में सोमवार को पांच सौ से ज्यादा स्थानों पर सोमवार को होलिका दहन का आयोजन होगा। इसके अलावा प्रमुख मंदिरों के पास होलिका जलाई जाएगी।

होलिका दहन में किसी तरह से विवाद की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए संबंधित जोन के डीसीपी को पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने निर्देश दिए हैं। पुलिस द्वारा प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, रायपुर मध्य में 140, उत्तर में 190 तथा पश्चिम में 225 स्थानों में होलिका दहन का आयोजन किया गया है। होलिका दहन का आयोजन करने वालों को पुलिस कमिश्नरेट से निर्देश जारी किया गया है कि आने-जाने वालों को किसी तरह से कोई परेशानी न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए जगह सुनिश्चित करने निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा बिजली खंबों के नीचे, ट्रांसफार्मर के पास किसी तरह से होलिका दहन नहीं करने निर्देश दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर ने होलिका दहन के आयोजन करने वालों को अपने जोन के डीसीपी को होलिका दहन के आयोजनकर्ताओं के नाम तथा समिति में शामिल लोगों की सूची सौंपे जाने निर्देश दिए हैं।



जहां बड़ी होलिका का दहन वहां पुलिस की विशेष निगरानी

### इन स्थानों पर होलिका दहन का बड़ा आयोजन

होलिका दहन का बड़ा आयोजन महामाया मंदिर, सदर बाजार, काली मंदिर, दूधाधारी मंदिर, राम मंदिर के साथ ही कंकाली मंदिर सहित अन्य स्थानों में होता है।

### संवेदनशील स्थानों में सावधानी बरतने निर्देश

पुलिस कमिश्नर ने ऐसे संवेदनशील स्थान, जहां होलिका दहन का आयोजन किया जा रहा है। वहां अन्य समुदाय के धार्मिक स्थल हैं, उन स्थानों की पहचान कर विशेष सुरक्षा व्यवस्था करने के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती करने निर्देश दिए हैं। साथ ही होलिका दहन के समय पूजा में शामिल होने आने वाली महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित जोन के डीसीपी को उपाय करने निर्देश दिए हैं।

## होली में घर जाने की जद्दोजहद स्लीपर में लंबी वेटिंग के बाद बुकिंग बंद, जनरल कोच बेहाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली का त्योहार करीब आते ही घर लौटने वालों की भीड़ रेलवे स्टेशनों पर उमड़ने लगी है। रविवार को रायपुर स्टेशन पर यात्रियों का हुजूम देखने को मिला। शहर से बिहार, उत्तरप्रदेश, भोपाल और दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों के जनरल कोच में खासी भीड़ रही। सारनाथ, छत्तीसगढ़, समता, अमरकंटक और गोंडवाना एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों में भारी वेटिंग के चलते एक दिन पहले ही स्लीपर कोच की बुकिंग बंद कर दी गई। ⏭ शेष पेज 11 पर

- दिल्ली, पटना और हावड़ा रूट की ट्रेनों में वेटिंग 80 के पार, अब पैर रखने तक की जगह नहीं

### एक सीट पर 5 से 6 यात्री

प्रयागराज और बिहार जाने यात्रियों का दबाव सारनाथ एक्सप्रेस के जनरल कोच पर रहा। कोच में यात्रियों की भीड़ इतनी हो चुकी थी कि एक सीट पर 5 से 6 यात्रियों को बैठकर सफर करना पड़ा। आमतौर पर लंबी सीट में 4 यात्री बैठते हैं।

### होली त्योहार पर कई बसें रहेंगी बंद

ट्रेनों के साथ बसों में यात्रियों की भीड़ बढ़ चुकी है। बस में तीन से चार घंटे का सफर यात्रियों को भारी पड़ रहा है। होली के दिन लंबी दूरी की बसों का संचालन जारी रहेगा, लेकिन कई लोकल बसें बंद रहेंगी। इस वजह से रविवार को बसों में यात्रियों की संख्या अधिक रही। जिन जगहों पर ट्रेन की सुविधा नहीं है, उस रूट की बसों में यात्रियों को बैठने की भी जगह नहीं मिली। रायपुर से कसडोल, सरायपाली, पिथौरा, कांकेर समेत बलौदाबाजार जाने वाली कई बसों में बेहद भीड़ रही।

### स्लीपर और एसी कोच में रही ठसाठस भीड़

रायपुर से दिल्ली रोजाना 2 हजार से अधिक लोग ट्रेन में सफर करते हैं। दिन में 4 से 5 ट्रेन होने के बावजूद ट्रेनों में वेटिंग सूची 60 के पार ही होती है। रविवार को समता एक्सप्रेस के स्लीपर, जनरल और एसी कोच में भी ठसाठस भीड़ रही। कन्फर्म टिकट के यात्रियों को भी अपनी सीट तक पहुंचने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रेनों में यह स्थिति तीन दिनों तक बनी रहेगी।

## बादलों के बीच 35.6 डिग्री तक पहुंचा पारा, गर्मी के मामले में राजधानी प्रदेश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छाए बादलों के बाद भी उमसभरी गर्मी के बीच शहर का अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री तक पहुंच गया है। रविवार को राजधानी गर्मी के मामले में अव्वल रहा। आने वाले दिनों में पारा थोड़ा और चढ़ने की उम्मीद है। इधर दिल्ली मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, अंधड़-पानी की गतिविधि अधिक रहने की वजह से दिन का औसत तापमान सामान्य से कम होने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, मार्च के पहले दिन शहर के लोग उमसभरी गर्मी से परेशान रहे।

### मार्च की शुरुआत ज्यादा के साथ

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, राज्य में मार्च महीने की शुरुआत औसत से ज्यादा तापमान के साथ हुई है। आने वाले दो से तीन दिनों यानी होली तक बढ़ रही गर्मी का अहसास होता रहेगा। मार्च के महीने में मैदानी इलाके में अंतिम दिनों तक गर्मी 40 डिग्री तक पहुंच जाती है।

## मेडिकल कॉलेज में खुला दूसरा कैंटीन, फिलहाल पंडाल में संचालन

*कॉलेज में होने वाले तमाम आयोजनों के लिए जलपान की व्यवस्था यहीं से करने सर्कुलर भी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में दूसरे कैंटीन की शुरुआत कर दी गई है। कॉलेज के नए द्वार के समीप फिलहाल पंडाल लगाकर इसका संचालन किया जा रहा है। कैंटीन की सुविधा आने वाले दिनों में चौबीस घंटे देने और दूसरे गेट से कॉलेज के बाहर शुरू करने की है। कॉलेज प्रबंधन द्वारा होने वाले तमाम आयोजनों में जलपान की व्यवस्था इसी कैंटीन से करने का सर्कुलर भी जारी किया गया है। चिकित्सा महाविद्यालय में काफी समय से एक कैंटीन का संचालन डीपी वार्ड के द्वार के समीप किया जाता है। अब दूसरे कैंटीन को कॉलेज के मुख्य द्वार के समीप शुरू किया गया है। योजना के मुताबिक, ⏭ शेष पेज 11 पर



### जारी हुआ था टेंडर

कैंटीन का संचालन करने के लिए कॉलेज प्रबंधन द्वारा टेंडर जारी किया गया था। इस दौरान टेंडर में कुछ इस तरह के प्रावधान रखे गए थे कि उसका पालन करने काफी मुश्किल था। बाद में नियमों को शिथिल करते हुए संचालन की जिम्मेदारी गजानन कैटरर्स को दे दी गई है। कैंटीन के संचालन का काम कैटरिंग चलाने वाले दो लोगों को दिए जाने पर भी कतिपय लोगों द्वारा सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

## मोवा के छोटे अस्पताल संदेह के दायरे में, थोक में हुआ पाइल्स-हाइड्रोसिल का इलाज

## आयुष्मान का फॉल्स ट्रिगर, छग के निजी अस्पतालों के लिए आफत बनेंगे ओडिशा के मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

आयुष्मान मामले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के फॉल्स ट्रिगर में आए ओडिशा के मरीजों का जिक्र एक बार फिर छत्तीसगढ़ के निजी अस्पतालों के लिए आफत बन सकता है। इस बार ओडिशा के मरीजों के मोवा इलाके के छोटे अस्पतालों में थोक में हुए पाइल्स-हाइड्रोसिल जैसे ऑपरेशन संदेह के दायरे में है। ओडिशा सरकार ने आयुष्मान योजना में छत्तीसगढ़ के अस्पतालों में थोक में हुई सर्जरी की जानकारी एनएचए को भेजी थी। इस जानकारी के आधार पर एनएचए के साथ हुई बैठक में मामला उछला था।

केंद्र स्तर पर आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से जुड़े अफसरों ने छत्तीसगढ़ में इस योजना के संचालन की ऑनलाइन बैठक ली थी। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मरीजों को दी जाने वाली इलाज सुविधा पर संतोष जताया गया, मगर ओडिशा से थोक में आकर यहां इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या को संदेह के दायरे में रखा गया। बैठक में बताया गया कि इस बार बड़े नहीं, बल्कि पचास से कम बेड वाले छोटे अस्पतालों में वहां के मरीजों की बड़ी संख्या में बवासीर, हाइड्रोसिल के ऑपरेशन किए गए हैं। साथ ही बताया गया कि मरीज किसी क्षेत्र विशेष से अस्पताल आए हैं, यानी उन्हें कमीशन बेस पर अस्पताल तक पहुंचाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, इसे देखते हुए स्टेट नोडल एजेंसी को अपने स्तर पर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इस मामले में होली के बाद ओडिशा और एसएनए के प्रतिनिधियों के भी छत्तीसगढ़ आने की संभावना है।




### काफी संख्या में ओडिशा के मरीज

काफी समय से ओडिशा के मरीज छत्तीसगढ़ के निजी अस्पतालों में आकर अपना इलाज कराते हैं। पूर्व में वहां के बीजू कार्ड के हितग्राहियों का यहां के अस्पतालों में बड़ी-बड़ी बीमारियों का इलाज होता था। इसके बाद आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के हितग्राही भी यहीं के अस्पतालों पर भरोसा जताते हैं। सूत्रों के मुताबिक, योजना के नाम गैरजरूरी इलाज का आरोप पहले और अभी भी लगता रहा है। ग्रामीण अंचलों से मरीजों को यहां के अस्पताल तक पहुंचाने के लिए कमीशन बेस पर एजेंटों के सक्रिय होने की बात सामने आती रही है।

### एमबीबीएस डाक्टर कम क्लेम आटो रिजेक्ट में

नए पोर्टल में आयुष्मान स्वास्थ्य योजना की इंपैनल्ड सूची में बने रहने के लिए निजी अस्पतालों द्वारा एमबीबीएस डॉक्टर सहित अन्य मानकों में दी गई अधूरी जानकारी क्लेम आटो रिजेक्ट का कारण बन रही है। कई अस्पतालों द्वारा डॉक्टरों की कम संख्या अथवा दी गई गलत जानकारी की वजह कंप्यूटर का एआई सिस्टम उनके द्वारा किए जाने वाले इलाज के क्लेम रिजेक्ट कर रहा है। नियम के मुताबिक, 20 बेड के पीछे हर वक्त एक डॉक्टर का होना अनिवार्य है, नियम पर बनी संशय की स्थिति के कारण सिस्टम जानकारी को पूर्ण नहीं मान रहा है।

## खबर संक्षेप

### साय सरकार के निर्णय से किसानी को संबल मिला

**अभनपुर।** विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार ने होली से पहले प्रदेश के 25 लाख 28 हजार किसानों के खातों में धान खरीदी की अंतर राशि के रूप में 10,324 करोड़ रुपये की एकमुश्त राशि जारी की। राशि जारी होते ही किसानों में उत्साह का माहौल देखा गया। भाजपा नेता एवं सरपंच नेहरू लाल साहू ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों का परिश्रम ही प्रदेश की समृद्धि की नींव है। उन्होंने कहा कि होली के पावन अवसर पर अंतर राशि का भुगतान कर सरकार ने किसान परिवारों की खुशियों को दुगुना कर दिया है। यह कदम सरकार की किसान हितैषी सोच का प्रमाण है।

### होली पर्व पर दो दिनी अवकाश की मांग

**आरंग।** पूरा भारतवर्ष महान धार्मिक पर्व होली मनाने की तैयारी में जुटा है। इसी बीच 3 मार्च को लगने वाले चंद्रग्रहण को लेकर इस पर्व के विषय में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पंचांग के अनुसार होलिका दहन 2 मार्च को तथा 3 मार्च को चंद्रग्रहण के कारण यह पर्व 4 मार्च को सम्पन्न होगा। इस कारण त्योहार को लेकर धर्मप्रेमियों में संदेह की स्थिति निर्मित हो गई है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने होली पर्व पर 1 मार्च से 4 मार्च तक अवकाश की घोषणा की है। हजारों राज्य कर्मचारीगण अपने गृहग्राम से दूरस्थ पदस्थ हैं। अतः सनातन धर्म परिषद के प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान, हेमंत चंद्राकर, नेमेश्वर साहू, हीरामणि साहू, हेमनाथ साहू, अरुण साहू, डी.पी. बघेल आदि ने राज्य कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली पर्व पर 3 एवं 4 मार्च को दो दिवसीय अवकाश प्रदान करने की मांग की है।

### 35 पौवा शराब जब्त आरोपी रिमांड पर

**अभनपुर।** अभनपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 1 मार्च को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि औद्योगिक क्षेत्र अभनपुर स्थित ओवरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री के उद्देश्य से खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सेवा राम मेहर उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बेलर बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक काले रंग के बैग में रखी 35 पौवा देशी मसाला मदिरा शराब बरामद की गई। पुलिस ने गवाहों के समक्ष शराब जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### बुजुर्ग दंपति समेत चालक की हुई मौत, कांग्रेस ने की जांच की मांग

**सिलयारी।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र पप्पू



बंजारे ने तिल्दा-नेवरा निवासी सम्मानित किराना व्यापारी राजकुमार शर्मा (66) और उनकी पत्नी पद्मा शर्मा (63) की दर्दनाक मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री बंजारे ने कहा, यह हादसा कोई संयोग नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की भ्रष्ट परिवहन एवं खाद्य नीतियों का सीधा परिणाम है। हार्ट बायपास सर्जरी कराकर एमएमआई अस्पताल से घर लौट रहे बुजुर्ग दंपति की कार पर धान से ओवरलोडेड सरकारी परिवहन ट्रक पलट गया। ट्रक का पट्टा (लॉकिंग हुक) टूटने से ट्रक अनियंत्रित हो गया और निर्दोष दंपति सहित कार चालक प्रवीण की कार धान की बोरियों तले कुचलकर तीन निर्दोष जिंदगियां छीन ली गईं। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री से मामले की जांच की मांग की है। पीड़ित परिवार को कम से कम 50 लाख रुपये का तत्काल मुआवजा, सरकारी नौकरी और अन्य राहत प्रदान की जाए।

# उत्सव मनाएं पर कानून न तोड़ें, होली में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा/कूंरा

रंगों के त्योहार होली को लेकर धरसींवा पुलिस पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गई है। रविवार को थाना परिसर में रायपुर ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक और 'पुलिस मितान सम्मेलन' संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने अपना पक्ष रखते हुए स्पष्ट किया कि त्योहार की आड़ में हुड़दंग, नशाखोरी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी।

बैठक को संबोधित करते हुए एएसपी प्रशांत शुक्ला ने पुलिस की रणनीति साझा की। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आम जनता को एक सुरक्षित माहौल प्रदान करना है। पुलिस का पक्ष रखते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर उन पर पहले से ही निगरानी रखें।

पुलिस अधिकारियों ने बैठक में मौजूद नागरिकों से कहा कि होली भाईचारे का प्रतीक है, इसे जबरदस्ती का रंग देकर किसी की भावनाओं को ठेस न पहुँचाएं। विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है और सादे कपड़ों में भी महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की बात कही है। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाने में दें।

## पुलिस मितान बनेंगे विभाग के आंख-कान, डीजे और डरावने मुखौटों पर लगा प्रतिबंध

### जगह-जगह ब्रीथ एनालाइजर से होगी जांच

थाना प्रभारी राजेंद्र दीवान ने बताया कि शांतिपूर्ण होली सुनिश्चित करने हेतु पुलिस ने गांवों में कड़ी घेराबंदी कर हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सीधी कार्रवाई की तैयारी की है। सड़कों पर जगह-जगह ब्रीथ एनालाइजर से नशे की जांच होगी तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के वाहन और अवैध डीजे तत्काल जब्त किए जाएंगे। महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए 'पुलिस मितान' और सादे कपड़ों में तैनात बल हर संदिग्ध हलचल पर पैनी नजर रखेंगे। उत्सव की आड़ में कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ पुलिस 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाएगी और किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी।



### पुलिस मितानः जमीन पर तैनात होगी 'पुलिस की आंख'

इसी अवसर पर आयोजित पुलिस मितान सम्मेलन में क्षेत्र के युवाओं और सक्रिय नागरिकों को हेलमेट और टी-शर्ट वितरित किए गए। एएसपी ने कहा कि पुलिस हर गली-मोहल्ले में हर वक्त मौजूद नहीं रह सकती, इसलिए 'पुलिस मितान' पुलिस की आंख और कान बनकर कार्य करेंगे। इन्हें अपनी जिम्मेदारी समझाते हुए कहा गया कि वे अपने क्षेत्रों में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी तुरंत साझा करें। उपस्थितिः बैठक में शांति समिति के सदस्यों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने पुलिस द्वारा उठाए गए इन कदमों का स्वागत किया और शांतिपूर्ण होली का संकल्प लिया।

## कार्रवाई : होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं, वारंटियों और बदमाशों पर बड़ी स्ट्राइक

# 8 फरार वारंटी पर की कार्रवाई और बदमाश हड्डी गिरफ्तार, चाकू जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

ग्रामीण इलाकों में होली के त्योहार के दौरान अमन-चैन बनाए रखने के लिए पुलिस ने 'एक्शन मोड' अपना लिया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विधानसभा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इलाके के कुख्यात बदमाश नीरज निषाद उर्फ 'हड्डी' को अवैध हथियार के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों और संदिग्धों समेत कुल 8 लोगों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्यवाही की गई है।



### हथियार लहराते घूम रहा था बदमाश, घेराबंदी कर पकड़ा

थाना प्रभारी शिवेन्द्र राजपूत ने बताया कि विधानसभा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि खालबाड़ा में निवासी नीरज निषाद उर्फ हड्डी (20 वर्ष) हाथ में घातक चाकू लहराते हुए इलाके में घूम रहा है और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की और आरोपी को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक नग अवैध चाकू जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 76/26 और धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे माननीय न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

### पुराने वारंटियों की भी शामत आई

होली पर्व के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इसी कड़ी में मारपीट और आबकारी एक्ट (अवैध शराब) के मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 3 स्थाई वारंटियों को पुलिस ने उनके ठिकानों से उठाकर गिरफ्तार किया। इन आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी, जिन्हें अब न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है।

### बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, पुलिस की पैनी नजर

शांति व्यवस्था बिगाड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र के 4 अन्य आदतन अपराधियों और संदिग्ध तत्वों को भी हिरासत में लिया। इनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है ताकि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि होली के दौरान हुड़दंग करने वालों, अवैध शराब बेचने वालों और हथियार लेकर घूमने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। शहर के प्रवेश द्वारों और संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है। थाना विधानसभा प्रभारी शिवेंद्र राजपूत ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराया जा सके।

# होलिका दहन के लिए स्कूली छात्रों ने दिए गोबर के कंडे




**आरंग।** शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में बच्चों और शिक्षकों ने गोबर के कंडे को हाथों में लेकर कंडे से होलिका दहन करने का संदेश दिया है। इनका कहना है कि होली में तरह-तरह की लकड़ियाँ डाली जाती हैं, कहीं-न-कहीं इससे निकलने वाले धुएँ से पर्यावरण पर असर पड़ता है। साथ ही कुछ लोग कच्चे पेड़ों की टहनियों को काटकर डाल देते हैं, जिससे बहुत अधिक धुआँ निकलता है। वहीं संस्था के नवाचारी शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने बताया कि संदेशपरक वीडियो के माध्यम से भी सोशल मीडिया पर कंडे से होलिका दहन के लिए लोगों से अपील की जा रही है, जिससे कि होली में लोग पेड़ों का प्रयोग होलिका दहन में न करें। शास्त्रों में गोबर को पवित्र माना गया है। जीते-जी तो लोग इसका उपयोग करते ही हैं, मरणोपरांत भी गाय के गोबर से लिपाई कर शव को रखा जाता है। हर धार्मिक व मांगलिक कार्यों में गोबर का उपयोग किया जाता है। ऐसे में यदि लोग गोबर के कंडे से होलिका दहन करने की परंपरा को बढ़ावा दें, तो निश्चित ही पर्यावरण को काफी हद तक संरक्षित किया जा सकता है।

### बजट में सड़क व अंडरब्रिज की घोषणा का स्वागत

**आरंग।** कॉलेज चौक से पंचमुखी महादेव मंदिर एवं आरंग-नवापारा रोड रेलवे अंडरब्रिज निर्माण की बजट में घोषणा पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का आभार जताया। शिवसेना के जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने बताया कि केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के प्रयास से आम जनता को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से यह मांग की जा रही थी कि आरंग रेलवे स्टेशन के समीप आरंग-नवापारा रोड में एक अंडरब्रिज का निर्माण अति आवश्यक है, जिसे इस बजट सत्र में मंत्री ने रखवाया और अंडरब्रिज निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान करवाई। इसी तरह कॉलेज चौक से पंचमुखी महादेव मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 3 करोड़ रुपये की राशि बजट में स्वीकृत कराई गई।

# मोहदेश्वर धाम मोहदा में 3 को विशाल मेला

**तरपोंगी।** महर्षि मार्कण्डेय की तपोभूमि मोहदेश्वर धाम मोहदा में 3 मार्च को रात्रि में विशाल मेला लगेगा। होलिका दहन के बाद हजारो लोग रानी सागर के पवित्र जल में स्नान कर शिवलिंग का अभिषेक करेंगे। प्रत्यक्ष रूप से वर्ष में तीन बार स्वरूप बदलने वाले अनूठे शिवलिंग का दर्शन चमत्कारी रूप से फलदायी होता है। होलिका दहन की रात्रि लगने वाले विशाल शिव मेला में सम्मिलित होने दूर दूर से लोग पहुँचते है। मोहदेश्वर धाम मोहदा रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग तरपोंगी बस स्टेण्ड से एक किलो मीटर पूर्व में स्थित है। जब लोग होली के मस्ती में मस्त रहते है तब ग्राम मोहदा में हजारो लोग पूरी शालीनता एवं सादगी के साथ मेला में सम्मिलित होते है।यहां आदिकाल से होलिका दहन की



रात्रि में प्रतिवर्ष विशाल शिव मेला लगता है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच मन के अंगना मुरा (खरोरा) का कार्यक्रम रखा गया है।

# आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण का लिया लाभ

**कूंरा।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुंरा के मिडिल से हायर सेकंडरी के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की संस्कृति को जानने का मिला मौका।

संस्था की प्राचार्या सुजाता बव्हल ने बताया कि शासकीय योजनाओं के अंतर्गत बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत शिक्षको द्वारा विभिन्न चरणों में कक्षावार विभिन्न स्थलों जैसे - कवर्धा जिले में छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव, मड़वा महल, छेरकी महल, पुरातत्व संग्रहालय भोरमदेव, नया रायपुर में ट्राइबल म्यूजियम, स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, पुरखौती मुक्तांगन, पारले-जी बिस्किट फैक्टरी, घासीदास संग्रहालय, महासमुंद्र जिले के सिरपुर में लक्ष्मण मंदिर, गंधेश्वर महादेव मंदिर महानदी व्यू पॉइंट, सुरंग टीला, पुरातात्विक संग्रहालय व मां चंडी सिद्ध शक्तिपीठ आदि स्थानों का भ्रमण कराया गया जिसमे उन्हें प्रत्येक जगह शैक्षणिक दृष्टिकोण से गाइड किया जिसे बच्चों ने अपने नोटबुक्स में लिखा। यह शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के लिए पूर्णतः निःशुल्क था। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को राज्य की सांस्कृतिक परंपराओं एवं धरोहरों को समझाना था। ट्राइबल म्यूजियम में बच्चों ने जनजातीय जीवन शैली को करीब से समझने के साथ साथ छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का अवलोकन किया।

पुरातात्विक संग्रहालय में बच्चों ने सदियों पुरानी परंपरा एवम शिल्प कला को जाना जो उनके समान्य ज्ञान के साथ साथ एंथ्रोपोलॉजी जैसे विषयों में उनकी रुचि उत्पन्न करने में सहायक होगा। हमारे राज्य के एयरपोर्ट को देखना एवम उसकी कार्य प्रणाली को समझना बच्चो को भविष्य में एयरक्राफ्ट इंजिनीरिंग के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में जॉब के लिए अवसर के लिए ज्ञानवर्धक साबित होगा।




## थ्री डी के साथ टैंकर पिचकारी मचाएगी धूम

# यमराज, बजरंगबली व राक्षस की वेशभूषा में होली खेलने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

होली त्यौहार के सामने आते ही होली के सामानों की दुकानें सज कर तैयार हो गई है। इस बार थोक बाजार में होली के सामानों की खूब बिक्री हुई है । अब चिल्लर विक्रेताओं की बारी है। रंग-बिरंगे गुलाल के साथ ढेरो पिचकारियों के साथ इस बार होली शानदार होने वाली है। ड्रम पिचकारी के साथ मगरमच्छ डिजाइन 3D और टैंकर पिचकारी इस बार धूम मचाने वाली है। छोटे बच्चों के लिए टैंक वाली गन, कार्टून थीम , बैग पैक वाटरगन , के साथ लाइट वाली इलेक्ट्रॉनिक पिचकरिया खास है इसी के साथ कलर वाले हेयर हर कोई पहनना पसंद कर रहा है।



### होली के गानों वाली पिचकारी

बाजार में इस बार गाना गाने वाली पिचकारी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस पिचकारी के ट्रिगर को दबाते ही रंग निकलने के साथ रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे... होली खेले रघुवीरा बिरज में ,के साथ, होली रे होली रंगों की टोली. जैसे गाने बजने लगेंगे.400 कीमत वाली यह पिचकारी बाजार में खूब बिक रही है. इसपिचकारी में यह भी खासियत है कि अंदर में तीन अलग-अलग खाचे बने हुए हैं। जिसमें तीन रंग घोलकर डाला जा सकता है। और जब पिचकारी से गाना बजेगा तो गाना बदलने के साथ रंग भी बदल कर निकलेगा। होली में कई लोग यमराज की ड्रेस में देखेंगे तो कुछ लोग बजरंगबली और राक्षस के रूप में होली खेलते नजर आएंगे इन सभी सभी ड्रेस कीमत 500 से 800 के बीच है।

### वाटर गन

ट्रिगर वाली बंदूके, हाई प्रेशर गन, हथोड़ा पिचकारी मार्केट में आई है। इन पिचकारियों को 10 साल से बड़े बच्चे ही यूज करें तो अच्छा है ।छोटे बच्चों के लिए यह पिचकारी उपयुक्त नहीं है।

### हर्बल कैप्सूल से बनेगा रंग

मार्केट में इस बार हर्बल कैप्सूल आए हैं।एक गिलास कैप्सूल को पानी में डालते ही वह रंग बन जाएगा। इसी के साथ 12 रंगों में हर बार गुलाल लोग लेना पसंद कर रहे हैं। मोहक माधवानी ने बताया कि इस बार टैंकर वाली पिचकारी ली है, इसे वे अपने दोस्तों के साथ खेलेंगे।

### हल्का प्लास्टिक

अच्छी क्वालिटी के प्लास्टिक से बनी हल्की पिचकरिया ही बच्चों के लिए बेस्ट है। बहुत भारी या तेज धार वाली पिचकारियों से बच्चों को पहुंच से दूर रखें।

# झा ने कहा-धान बेचने से भूपेश भी हुए मालामाल, बघेल का जवाब-मेहनत का पैसा है, 'तावड़े' का माल नहीं

**धान के अंतर की राशि पर भाजपा और कांग्रेस में सियासत**

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

किसानों को धान के बोनस की अंतर की राशि मिलने पर सियासत हो रही है। मुख्यमंत्री के सलाहकार पंकज झा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, विष्णु के सुशासन में भूपेश बघेल भी हुए मालामाल। विष्णु देव साय की सरकार ने किसानों को धान के अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान किया है। आश्चर्य होगा आपको जान कर कि इस योजना के सबसे बड़े लाभार्थियों में शीर्ष पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी भी हैं। इसके जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा है, यह किसानों की मेहनत का पैसा है। "पनामा" या "तावड़े" का माल नहीं है। किसानों को मिल रहे पैसे से आपको इतनी जलन क्यों? इसे माल क्यों कह रही है भाजपा। उल्लेखनीय है कि भूपेश बघेल के परिवार ने करीब 39 लाख का धान बेचा है।

पंकज झा ने लिखा है- हम जिसे सुशासन कहते हैं, उसका आशय होता है ऐसा शासन, जो किसी से भी भेदभाव न करे। समर्थक-विरोधी, जात-धर्म आदि किसी भी आधार पर अंतर किए, बिना सबको न्याय सुलभ कराए, किसी कथित 'न्याय योजना' का एहसान जताए बिना। इतने बड़े लाभार्थी, जितना वे स्वयं मुख्यमंत्री होने के बावजूद 'पक्के में' न हो पाए थे। जब-जब राहुल जी के परिवार से कोई वसूली करने आता था, तब स्वयं को भी ले लेने का आदेश जारी होता था। ठीक है कि 'कच्चे में' तब उन्हें इतना मिल जाता रहा होगा कि फिर ऐसे पचीस-पचास लाख की आवश्यकता नहीं होती होगी उन्हें, पर अभी तो होली के मौके पर इतनी बड़ी करमुक्त राशि एकमुश्त मिल जाने पर उन्हें भाजपा सरकार के प्रति कृतज्ञ होना ही चाहिए।







### माल उगाया और बेचा तो माल आया : बघेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पटलवार करते हुए लिखा है- हां जी, हुए मालामाल। किसान हैं तो माल उगाया और बेचा तो माल आया। विष्णु देव सरकार ने खाद नहीं दिया, पर्याप्त बिजली नहीं दी, फिर भी हमने पसीना बहाया और धान उगाया। हमारी सरकार की कोशिश थी कि मेहनतकश किसानों को उनकी उपज का पैसा मिले। ईमानदारी से वादा निभाया तो हर किसान को पैसा मिलने लगा। भाजपा के 15 साल के राज में तो किसान आत्महत्या कर रहे थे। हमने किसानों को सम्मान दिया, हक का पैसा दिया। भाजपा किस मुंह से बात कर रही है। मोदीजी ने वादा किया था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर देंगे। हो गई दोगुनी? और किसानों को मिल रहे पैसे से आपको इतनी जलन क्यों? इसे माल क्यों कह रही है भाजपा? ये "पनामा" या "तावड़े" का माल नहीं, किसानों की मेहनत का पैसा है जी। शर्मिंदा होना चाहिए भाजपा को।

---

**खबर संक्षेप**

### धोबी समाज का नवनिर्मित भवन लोकार्पित



**रायपुर।** धोबी समाज का नवनिर्मित भवन का लोकार्पण समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर और किसान नेता राजू शर्मा ने रविवार को किया। यह भवन जिला पंचायत सदस्य राजू शर्मा तथा बलौदाबाजार क्षेत्र के विधायक कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के विधायक निधि से बनाया गया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि किसान नेता राजू शर्मा ने कहा, देश की उच्च सदन में जाने का मौका धोबी समाज को भी मिलना चाहिए, क्योंकि यह समाज अति पिछड़ा है। जो समाज संपन्न है, जिनकी संख्या अधिक है, उनको तो प्रतिनिधित्व मिलता ही रहता है, परंतु धोबी समाज इससे कोसों दूर है। इसी दौरान समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा, समाज में राजनीति को हावी न होने दें, बल्कि समाज को राजनीति पर हावी करें।

### गाड़ा समाज की महिलाओं ने मनाया होली मिलन, सामाजिक एकता का दिया संदेश



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जागृति नगर झुग्गी बस्ती में रविवार को गाड़ा समाज की महिलाओं द्वारा रंगों के महापर्व होली के उपलक्ष्य में भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सामाजिक एकता, समरसता, भाईचारा एवं प्रेम-स्नेह को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने भाग लेकर आपसी सौहार्द एवं एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मिशन महिला शक्ति अभियान की नेतृत्वकर्ता एवं उत्कल गाड़ा महिला महामंच की अध्यक्ष सावित्री जगत मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में द्रौपदी हियाल, हेमा सागर, रुक्मणी टांडी, बजूरी बाग, गायत्री, अमित, रेशमा, गीता बघेल, मंजू, संतोषी, लक्ष्मी, किरण बेसरा, पुनीत महारथा आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

---

## आठ साल में करीब चार हजार शिकायतें

# रेरा में हर साल थोक में सैकड़ों शिकायतें बिल्डरों के खिलाफ, 600 से ज्यादा मामले डंप

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

छत्तीसगढ़ रेरा के 2018 से अस्तित्व में आने के बाद से ही लगातार हर साल थोक में सैकड़ों शिकायत बिल्डरों के खिलाफ मिल रही हैं। इन शिकायतों का हर साल निराकरण भी किया जा रहा है, लेकिन किसी भी साल सभी शिकायतों का निराकरण नहीं हो सका है। आठ सालों के रेरा के सफर में अब तक 38 सौ से ज्यादा शिकायतें मिली हैं, इसमें से 32 सौ से ज्यादा का निराकरण हो गया है, बाकी शिकायतें पेंडिंग है। अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी रेरा के औचित्य पर सवाल खड़ा कर दिए हैं।

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश में रेरा ने 2018 में कामकाज शुरू किया। इसके बाद से प्रदेश भर में रियल एस्टेट में जो भी योजनाओं बिल्डर प्रारंभ कर रहे हैं, उनका पंजीयन रेरा में जरूरी हो गया है। लगातार हर साल रेरा में थोक में योजनाओं का पंजीयन होता है। इसी के साथ बिल्डरों से घर लेने वाले ग्राहकों की शिकायतें भी रेरा में लगातार आती हैं। इनका रेरा की अदालत में सुनवाई के बाद निराकरण किया जाता है।







### कार्यप्रणाली पर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

सुप्रीम कोर्ट से देश भर के राज्यों में रेरा की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट से रेरा को लेकर टिप्पणी कर दी है कि रेरा खरीदारों की सुनने के स्थान पर बिल्डरों की मदद करने का काम कर रहा है।

### किस साल कितनी शिकायतों का निराकरण

रेरा के 2018 में प्रारंभ होने के बाद पहले ही साल रेरा में 225 शिकायतें बिल्डरों के खिलाफ दर्ज की गईं। इसमें से इस साल 139 शिकायतों का निराकरण किया गया शेष 89 शिकायतें पेंडिंग रहीं। अगले साल 2019 में 697 शिकायतें मिलीं। इनमें से 444 शिकायतों का ही निराकरण हो सका। ऐसे में दो साल की पेंडिंग शिकायतें 342 हो गईं। 2020 में 342 पेंडिंग शिकायतों और इस साल 352 नई शिकायतें मिलीं। इनमें से 282 का ही निराकरण होने पर पेंडिंग शिकायतों की संख्या बढ़कर 412 हो गईं। 2021 में 412 पेंडिंग शिकायतें और इस साल 392 नई शिकायतें आईं। इस साल 492 शिकायतों का निराकरण किया गया। ऐसे में पेंडिंग शिकायतों की संख्या घटकर 312 हो गईं।

2022 में पेंडिंग शिकायतें 312 और नई शिकायतें 298 आईं। इस साल 276 शिकायतों का निराकरण होने पर फिर से पेंडिंग शिकायतों की संख्या बढ़कर 334 हो गईं। 2023 में पेंडिंग शिकायतों के साथ ही नई शिकायतें 375 आईं। इस साल 238 शिकायतों का ही निराकरण होने पर पेंडिंग शिकायतों का आंकड़ा चार सौ के पार होकर 471 हो गया। 2024 में सबसे ज्यादा 719 नई शिकायतें आईं। इस साल रिकॉर्ड 613 शिकायतों का निराकरण होने के बाद भी पेंडिंग शिकायतें 577 हो गईं। बीते साल 2025 में शिकायतों का नया रिकार्ड बना और इस साल 733 शिकायतें आईं। इस साल सबसे ज्यादा 654 शिकायतों का निराकरण होने के बाद पेंडिंग शिकायतें बढ़कर 656 हो गईं। नए साल में पेंडिंग शिकायतों में से ज्यादा से ज्यादा का निराकरण होने की संभावना है।

---

# सिर्फ 5000 शिक्षकों की भर्ती युवाओं के साथ धोखा

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सिर्फ 5000 शिक्षकों की भर्ती युवाओं के साथ धोखा है। भाजपा सरकार, शिक्षक बनने का इंतजार कर रहे प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा कर रही है। सरकार बनते ही तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 33 हजार पदों पर भर्ती की घोषणा की, इससे पीछे हटते पिछले बजट में मंत्री ओपी चौधरी ने 20 हजार शिक्षक भर्ती की घोषणा की, उसके बाद मुख्यमंत्री ने 5,000 पदों में शिक्षक भर्ती की घोषणा की, अब 5,000 शिक्षक भर्ती में व्याख्याता कम्प्यूटर के 146 पद एवं योग प्रशिक्षक के 146 पदों को हटाकर 4,708 पदों पर भर्ती की अनुमति दी गई है। ये सीधा-सीधा 1 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा पूरा होने का इंतजार कर रहे युवाओं के साथ धोखा है।



**बैज बोले- भाजपा युवाओं को रोजगार देने के अपने वादे से मुकर रही**

श्री बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के हठधर्मिता के चलते शिक्षक बनने का इंतजार कर रहे युवाओं के मन में निराशा का भाव आया है, जिस प्रकार से वादा करके वादाखिलाफी की जा रही है, ऐसे में तो हजारों विषय विशेषज्ञ युवा आने वाले समय में सरकारी नौकरी की उम्र सीमा पार कर जाएंगे और परीक्षा से वंचित हो जाएंगे, उनकी जिंदगी खराब हो जाएगी और भाजपा सरकार की मंशा तो नौकरी देने की नहीं है, इसलिए भाजपा के जितने मंत्री हैं उनके शिक्षक भर्ती को लेकर अलग-अलग दावे हैं।

---

**अजय जामवाल ने संभाग कार्यशाला में दिया कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण**

# भाजपा विचारधारा आधारित संगठन कार्यकर्ता ही शक्ति का केंद्र : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में रायपुर संभाग की कार्यशाला में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा, प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाना और उन्हें सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सजग प्रहरी बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के कौशल विकास और वैचारिक प्रबोधन के लिए इस महाभियान की रूपरेखा साझा करते हुए कहा, 10 मार्च से 31 मार्च तक देश के सभी ग्रामीण और शहरी मंडलों में अभ्यास वर्ग आयोजित किए जाएंगे।

श्री जामवाल ने कहा, भाजपा एक विचार आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ता ही शक्ति का केंद्र है। उन्होंने आव्हान किया कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को नीति, सिद्धांत, संगठनात्मक संरचना और जनसेवा के संस्कारों से समृद्ध किया जाए, ताकि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर एवं प्रवीण होते हैं और भाजपा कार्यकर्ता हमेशा कर्मठ, निष्ठावान एवं परिश्रमी होते हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए विशेष रूप से 7 प्रमुख विषयों का चयन किया गया है, जिनमें वैचारिक अधिष्ठान के तहत भाजपा से हमारा जुड़ाव और हमारी विचारधारा, जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक के गौरवशाली सफर पर चर्चा, भाजपा कार्यकर्ता की आदर्श कार्य-पद्धति, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रणनीति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सोशल मीडिया और आईटी का प्रभावी उपयोग और कार्यकर्ताओं की प्रतिभा और रुचि को निखारने के लिए राष्ट्रीय सांस्कृतिक सत्र। जिलास्तरीय वर्गों में अलग-अलग विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी।





### प्रशिक्षण से कार्यकर्ता होते हैं प्रखर

भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय ने कहा, प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर होते हैं। विषय के अच्छे जानकार बनते हैं। भाजपा में प्रशिक्षिति कार्यकर्ता संगठन एवं सरकार के कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हैं। उन्होंने संवाद करते हुए सभी पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ाया और संगठनात्मक अनुशासन व समर्पण को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। कार्यशाला का संचालन भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने किया एवं आभार प्रदर्शन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता तथा प्रशिक्षण महाभियान टोली की सदस्य शताब्दी पांडेय ने किया। इस दौरान कार्यशाला में रायपुर संभाग के सभी जिलों के जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष सहित प्रशिक्षण महाभियान टोली के सदस्य मौजूद रहे।

---



### नगाड़ों की थाप और फूलों की होली के साथ ग्रीन आर्मी का भव्य होली मिलन

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय संस्था ग्रीन आर्मी का फूलों की होली के साथ भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन ऑक्सीजोन गार्डन में हुआ। कार्यक्रम में 200 से अधिक सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें 80 से अधिक महिला सदस्यों ने विशेष उत्साह और जोश के साथ भागीदारी की। फूलों की खुशबू के साथ जब नगाड़ों की थाप गूंजी तो पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। फ्रोक म्यूजिक की धुनों पर सदस्यों ने सामूहिक रूप से गीत गाए और जमकर थिरके। रंग, संगीत और उमंग का ऐसा सुंदर संगम देखने को मिला, जिसने सभी को एक परिवार की तरह जोड़ दिया। कार्यक्रम के दौरान हंसी-खुशी, आपसी सौहार्द और भाईचारे का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान ग्रीन आर्मी के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग सदस्यों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया गया। साथ ही विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले सदस्यों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

---

# खामेनेई की मौत पर रायपुर के शिया समुदाय ने जताया शोक



हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

ईरान के सुप्रीम लीडर तथा विश्व शिया समुदाय के धार्मिक गुरु अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत से गुस्साए शिया समाज के अलग-अलग समुदाय के लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। मोमिनपारा में मोमिनों ने इजराइल तथा अमेरिका के झंडे को सड़क पर रखकर पैरों तले रौंदा और अपना विरोध व्यक्त किया।

**मोमिनों ने इजराइल, अमेरिका का झंडा अपने पैरों तले रौंदा**

खोजो समेत शिया समुदाय के लोगों ने बैजनाथपारा स्थित इमामबारगाह में मजलिस कर शोक व्यक्त किया तथा अमेरिका और इजराइल के हमले को लेकर रोष जताया।

---

# दुर्गम इलाकों का सहारा बनी मोबाइल मेडिकल यूनिट

## 24 सौ शिविरों में 40 हजार मरीजों को मिला उपचार

**रायपुर।** दूरस्थ इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट चिकित्सकीय उपचार का सहारा बन रही है। कोंडागांव, बलरामपुर, कांकेर के दूरस्थ गांव में अब तक 24 सौ से ज्यादा शिविर लगाकर 40 हजार से ज्यादा मरीजों का इलाज किया गया है। पीएम-जनमन योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है।



**कोंडागांव, बलरामपुर, कांकेर के दूरस्थ गांवों में सक्रिय चिकित्सकीय टीम**

राज्य में पीएम-जनमन परियोजना के परियोजना निदेशक चेतन शर्मा के मुताबिक, अब तक प्रदेशभर में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से 40 हजार से अधिक मरीज लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन एंबुलेंस के जरिए मरीजों को उचित उपचार और परामर्श प्रदान किया गया है। 57 एमबीबीएस डॉक्टरों, इतनी ही संख्या में नर्सों और लैब तकनीशियनों की मेडिकल टीमें मौसमी बीमारियों से लेकर पुरानी बीमारियों तक, विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों का समाधान कर रही हैं। आवश्यक उपकरणों से लैस एमएमयू 'पहियों पर अस्पताल' के समान हैं, जो 25 प्रकार के लैब परीक्षणों की सुविधा दे रही हैं।

मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ने विशेष रूप से दुर्गम इलाकों और संवेदनशील क्षेत्रों को लक्षित किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी नागरिक स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से अब तक ओरछा, बड़े राजपुर, कुसमी, शंकरगढ़, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, बोडला, मैनपुर, देवभोग, छुरा, नगरी, पाली, पोड़ी उपरोड़ा, गौरेला और पिथौरा में शिविर लगाकर जांच की गई।

### इस तरह की बीमारियों की जांच

एमएमयू के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में त्वचा रोग, बीपी, शुगर के साथ बुखार सहित अन्य संक्रामक बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। एमएमयू प्रजनन और बाल स्वास्थ्य सेवा, मातृ देखभाल, प्रसव पूर्व देखभाल, उच्च जोखिम वाले गर्भधारण की पहचान और रेफरल, तथा प्रसवोत्तर जांच की सुविधा दी जा रही है। इसी तरह बच्चों में कुपोषण की स्क्रीनिंग, परामर्श, डायरिया, एआरआई, निमोनिया, अस्थमा और खसरे से जुड़ी जटिलताओं का उपचार किया जा रहा है।

---

**पॉवर कंपनी से मिलने वाली बिजली के दाम पांच रुपए और इससे ज्यादा**

# सोलर पैनल से ज्यादा उत्पादन होने पर 2.60 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदेगी पॉवर कंपनी

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सोलर पैनल लगाने वालों का बिजली उत्पादन अगर ज्यादा होता है तो उनकी बिजली छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी 2.60 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से खरीदेगी। इसका हिसाब साल में एक बार होगा और उपभोक्ता को ज्यादा बिजली होने पर उनको पैसा मिलेगा। जहां तक पॉवर कंपनी से मिलने वाली बिजली का सवाल है तो सौ यूनिट की खपत करने पर करीब पांच रुपए यूनिट तक लग जाते हैं। ज्यादा खपत पर ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बिजली के उपभोक्ता सोलर पैनल लगाकर अपने घरों की छत पर बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार से सब्सिडी भी दी जा रही है। जहां तीन किलोवाट के लिए केंद्र सरकार से 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है, वहीं राज्य सरकार भी इसके लिए 30 हजार रुपए दे रही है। तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगाने की लागत करीब एक लाख 80 हजार तक आती है। ऐसे में उपभोक्ता को अपनी जेब से 70 से 72 हजार ही लगाने पड़ रहे हैं।



**तीन किलो वाट में 360 यूनिट बिजली :** पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि एक किलो वाट के सोलर पैनल में रोज करीब चार यूनिट बिजली बनती है। एक किलोवाट में 120 यूनिट बिजली मिल जाती है। ऐसे में तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगाने पर 360 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। आमतौर पर जिनकी जितनी खपत है उसके हिसाब से ही उपभोक्ता सोलर पैनल का चयन करते हैं। लेकिन पॉवर कंपनी ज्यादा बिजली को खरीद भी रही है तो ऐसे में उपभोक्ता खपत से ज्यादा बिजली का उत्पादन करने के लिए भी सोलर लगा रहे हैं। पांच किलोवाट का सोलर पैनल भी लगाया जा रहा है।

**ज्यादा बिजली लेगी पॉवर कंपनी :** अगर किसी उपभोक्ता की बिजली की खपत हर माह दो सौ यूनिट ही है और उसने तीन किलो वाट का सोलर पैनल लगाया है तो इसकी 12 से 15 सौ यूनिट की बिजली अगर साल भर में बचती है तो इसके पैसे पॉवर कंपनी देगी। इसकी कीमत उपभोक्ता को महज 2.60 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से मिलेगी।

### पॉवर कंपनी की बिजली पांच रुपए

पॉवर कंपनी जो बिजली उपभोक्ताओं को देती है। वह पांच रुपए यूनिट से कम नहीं पड़ती है। पहले सौ यूनिट का टैरिफ भले 4.10 रुपए है। लेकिन इसमें जहां दस पैसे प्रति यूनिट सेस के लगते हैं। वहीं इसी के साथ इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी 11 फीसदी है। ऐसे में 4.10 रुपए पर 45 पैसे इसके लग जाते हैं। इसके अलावा प्रति किलो वाट पर 20 रुपए शुल्क है। ये सब मिलाकर 4.85 रुपए होते हैं। एफपीपीएएस शुल्क अलग से लगता है। यह कभी पांच फीसदी तो कभी दस फीसदी से ज्यादा हो जाता है। ऐसे में सौ यूनिट की खपत पर पांच रुपए से ज्यादा ही लगते हैं। सौ यूनिट से ज्यादा की खपत पर कीमत और बढ़ जाती है।

# राजधानी में 2 करोड़ का साइकिल ट्रेक बस नाम का रह गया, ग्रिल काटकर ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में कलेक्टोरेट से लेकर गौरव पथ तक सड़क के दोनों तरफ करोड़ों खर्च कर बनाया गया साइकिल ट्रेक शोपीस बनकर रह गया है। जिस ट्रेक पर साइकिल दौड़नी चाहिए, उसे चारपहिया वाहन चालकों ने पार्किंग बना लिया।

- कलेक्टोरेट से लेकर गौरवपथ तक सड़क के दोनों ओर रायपुर स्मार्ट सिटी ने कराया था निर्माण

रही सही कसर ठेले व गुमटी वालों ने पूरी कर दी है, इसके चलते ट्रैक का कबाड़ा निकल गया। जो स्पेशल टाइल्स और लोहे के खंबानुमा स्टॉपर बनाए गए, वे कई जगह से उखड़ गए हैं। रायपुर स्मार्ट सिटी में मेट्रो सिटी की तर्ज पर 8 साल पहले 2 करोड़ खर्च कर साइकिल ट्रेक बनाया गया, लेकिन देखरेख के अभाव में ट्रेक पर सायकल की जगह दोपहिया, तिपहिया वालों ने इसे अवैध पार्किंग के रूप में उपयोग करना शुरू कर दिया। सुबह-शाम वॉक के लिए पहले लोग इसका उपयोग किया करते थे, लेकिन गाड़ियों की अवैध पार्किंग की वजह से अब साइकिल ट्रेक पर पैदल चलने में दिक्कत आ रही है। साथ ही रायपुर स्मार्ट सिटी ने लोहे के जो स्टॉपर लगाए, उनमें से कई जगह से स्टॉपर शरारती तत्व उखाड़कर ले गए।

**जहां साइकिल दौड़नी चाहिए, वहां सन्नाटा, पार्किंग के काम आ रही खाली जगह**





### साइकिल चलाने प्रेरित करेंगे

गौरव पथ पर साइकिल ट्रेक का दुरुपयोग न हो, इस बात का ध्यान रखा जाएगा। साथ ही शहरवासियों से महीने में कम से एक दिन साइकिल चलाने के लिए अपील करेंगे। *- मीनल चौबे, महापौर*

## खबर संक्षेप



### सीएम साय ने गुरुद्वारे में मत्था टेका, की अरदास

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार शाम राजधानी रायपुर स्थित रेलवे स्टेशन गुरुद्वारा पहुंचे, जहां उन्होंने मत्था टेककर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए अरदास की। इस अवसर पर उन्होंने सिख संगत द्वारा आयोजित होला मोहल्ला यात्रा के लिए निशुल्क बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिख संगत द्वारा आयोजित इस यात्रा में लगभग 1200 श्रद्धालु 17 बसों, 2 ट्रकों एवं अन्य वाहनों के साथ हजूर साहिब नांदेड़ (महाराष्ट्र) तथा गुरुद्वारा नानक झीरा साहिब, बीदर (कर्नाटक) के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने संगत को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिख गुरुओं का त्याग, बलिदान और मानवता की सेवा का संदेश पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा सहित सिख समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### वरिष्ठ साहित्यकार दिवंगत सुशील भोले को दी श्रद्धांजलि

रायपुर। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार, कवि, व्यंग्यकार एवं राजभाषा के समर्पित साधक सुशील भोले का 26 फरवरी को निधन हो गया। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग ने उनके साहित्यिक अवदान को नमन करते हुए कहा कि उनकी रचनाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी। उनका व्यक्तित्व सरल, सौम्य एवं सृजनधर्मी था, जिसने साहित्यिक जगत में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की। आयोग ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता है।

### स्वीकृत फसल प्रदर्शन का लक्ष्य एवं व्यय भी पूरा नहीं कर पाया कृषि विभाग

# रागी की खेती फसल प्रदर्शन तक सीमित, बिक्री के लिए मंडी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में किसानों ने अब रागी का राग अलापना बंद सा कर दिया है। इसके कारण रायपुर जिले में भी रागी की खेती सिर्फ प्रदर्शन फसल तक ही सीमित बनकर रह गई है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत (आरकेवीवाय) योजना अंतर्गत रागी की प्रदर्शन फसल के लिए कृषि विभाग को जो लक्ष्य दिया जा रहा है, उसे भी अब पूरा नहीं किया जा रहा है। यही कारण है कि जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 158 हेक्टेयर लक्ष्य के एवज में 110 हेक्टेयर रागी फसल का ही उत्पादन किया जा सका है। शेष 48 हेक्टेयर फसल का उत्पादन ही नहीं किया जा सका, जबकि राज्य और केंद्र सरकार ने लक्ष्य के अनुरूप राशि का आवंटन और रिलीज भी कर चुका है।

***रागी की फसल प्रदर्शन में लगातार गिरावट :*** तत्कालीन कांग्रेस शासन काल से रागी की खेती को बढ़ावा देने के लिए आरकेवीवाय योजना के तहत किसानों को प्रदर्शन के तहत फसल लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस योजना के तहत जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों में से रायपुर उत्तर, रायपुर दक्षिण, रायपुर पश्चिम एवं बलौदाबाजार को छोड़कर रायपुर ग्रामीण, धरसींवा, अभनपुर एवं आरंग में रागी की फसलों का उत्पादन भी कराया जा रहा है। सबसे ज्यादा रागी फसल का उत्पादन धरसींवा और अभनपुर क्षेत्र में किया जा रहा है। हालांकि शुरुआती वर्ष के बाद के तीन वर्षों के दौरान रागी की फसल में लगातार गिरावट आई है।

## इसलिए किसान भी नहीं ले रहे रुचि



**धान की तुलना में समर्थन मूल्य ज्यादा पर बिक्री केंद्र नहीं**

धान की तुलना में रागी फसल का समर्थन मूल्य ज्यादा है। प्रति एकड़ समर्थन मूल्य 3578 रुपए है। इसके अलावा 6 हजार रुपए का अनुदान भी दिया जाता है। रागी की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को अनुदान और अधिक समर्थन मूल्य दिया जा रहा है, लेकिन जिले में रागी की फसल खरीदी के लिए अब तक कोई शासकीय समिति केंद्र नहीं बनाया गया है। रायपुर संभाग की बात करें तो सबसे नजदीक में बिलाईगढ़ में खरीदी केंद्र है, लेकिन रायपुर से इसकी दूरी भी बहुत ज्यादा है। रागी की खेती करने में किसानों के रूची नहीं लेने का यह भी एक कारण है।

### इस तरह आई गिरावट

जिले में पहले वर्ष 2021-22 में रागी की करीब 100 हेक्टेयर रकबा में खेती करने का लक्ष्य था। इसकी तुलना में करीब 55 एकड़ रकबा में खेती भी हुई थी। दूसरे वर्ष 2022-23 में 100 हेक्टेयर का लक्ष्य था। इसके एवज में 16 हेक्टेयर रकबा की खेती हो पाई। इसी प्रकार वर्ष 2023-24 में 75 हेक्टेयर रकबा की तुलना में सिर्फ 2 हेक्टेयर में ही फसल लगाई गई, जबकि चौथे वर्ष 2024-25 में लगभग 55 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन इस वर्ष भी रागी की फसल का उत्पादन बहुत कम मात्रा में हो पाया। हालांकि पांचवें वर्ष 2025-26 में पिछले चार वर्षों की तुलना में सर्वाधिक 148 हेक्टेयर फसल प्रदर्शन का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य को भी पूरा नहीं किया जा सका है। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में आए आकड़ों के अनुसार शेष 48 हेक्टेयर फसल को अब रबी सीजन में उत्पादन कराकर लक्ष्य को पूरा किया जाएग।

# लालपुर में तिमंजिला बिल्डिंग का 90 फीसदी हिस्सा जमींदोज

## शासकीय कोटवारी जमीन से बेजा कब्जा हटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लालपुर में सरकारी कोटवारी जमीन पर बने एसएस प्लाजा को जमींदोज करने का अभियान रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। निगम, पुलिस और जिला प्रशासन ने मिलकर 3 माले की बिल्डिंग के 90 फीसदी हिस्से को रविवार को जमींदोज कर दिया। बहुमंजिला भवन ढहाने अमले ने 6 जेसीबी, 1 पोकलेन मशीन, 10 डंपर और 50 मजदूरों की सहायता ली। 20 हजार वर्गफीट की कोटवारी जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण कराया गया था, जिसमें 10 बड़ी दुकानें और 30 बड़े कमरे नियम विपरीत बनाए गए थे।

- 6 जेसीबी 2 पोकलेन मशीन, 10 डंपर और 50 मजदूरों को लगाया

नगर निगम जोन-10 क्षेत्र स्थित लालपुर में बने शासकीय कोटवारी जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए एसएस प्लाजा की बहुमंजिला ईमारत को नगर निगम पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन ने मिलकर 90 फीसदी हिस्से को मशीन और मजदूरों की सहायता से ढहा दिया गया। सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत और उसकी बेदखली की लंबी प्रक्रिया के बाद नगर निगम ने शनिवार से अतिक्रमण हटाने कार्रवाई शुरू की, यह कार्रवाई रविवार को भी जारी रही। इस दौरान अवैध निर्माण के 90 फीसदी हिस्सा जमीदोज कर दिया गया।

### 10 बड़ी दुकानें 30 कमरे तोड़े

जिला प्रशासन के अनुसार शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए 10 बड़ी दुकानें और 30 बड़े कमरों को सीमांकन के बाद तोड़ा गया। मौके पर राजस्व विभाग, नगर निगम के अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहा। सूत्रों के मुताबिक संबंधित कब्जाधारी का नाम धीरज जैन बताया जा रहा है। निगम के अधिकारियों ने कहा है कि शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। महापौर मीनल चौबे ने कहा है कि यह कार्रवाई निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण कार्य करने वालों के खिलाफ कड़ी चेतावनी है, जहां भी अवैध निर्माण होना पाया जाएगा, वहां इस तरह की कार्रवाई होगी।

## निगम के स्वास्थ्य विभाग इलेवन ने रामकी इलेवन को 126 रनों से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राजधानी के नेताजी सुभाष स्टेडियम में रविवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग इलेवन और रामकी कंपनी इलेवन के बीच 10 ओवरों का मैत्री मैच खेला गया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए नगर निगम स्वास्थ्य विभाग इलेवन की टीम ने 10 ओवर में 8 विकेट पर 180 रन बनाए, जबकि रामकी इलेवन की टीम जवाब में केवल 54 रन ही बना पाई। इस तरह स्वास्थ्य विभाग इलेवन की टीम ने रामकी इलेवन की टीम को 126 रनों से हरा दिया।

- नेताजी सुभाष स्टेडियम में 10 ओवर का मैत्री क्रिकेट मैच

मैत्री मैच में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री-सुनील चंद्राकर ने पहुंचकर दोनों की टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने इसे नगर निगम रायपुर स्वच्छता के लिए सकारात्मक पहल बताया। इस मौके पर खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, पार्षद राजेश देवांगन, नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन योगेश कडू, जोन 4 स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र चंद्राकर, रामकी कंपनी के सिटी हेड योगेश कुमार मंच पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जेल से छूटने के बाद फिर चेन स्नैचिंग, हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जेल से छूटने के बाद चेन स्नैचिंग करने के आरोप में पुरानी बस्ती पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को घटना के एक सप्ताह बाद गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस गिरफ्त में आया शातिर आदतन चैन स्नेचर है। हाल के दिनों में चैन स्नेचिंग के आरोप में जेल में बंद बदमाश छूटकर आया था। उसके बाद पुनः चेन स्नैचिंग की थी।

- मार्निंग वॉक पर निकली महिला डॉक्टर के साथ की थी वारदात

एमएमआई अस्पताल की चिकित्सक डॉ. शशि किरण नेताम की शिकायत पर पुलिस ने खम्हारडीह निवासी रितेश नेताम को गिरफ्तार किया है। महिला डॉक्टर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 20 फरवरी को वह भाठागांव स्थित वॉलफोर्ट सिटी के पास मॉर्निंग वॉक करने निकली थी। इसी दौरान अज्ञात बदमाश पीछे की तरफ से महिला डॉक्टर के करीब पहुंचा और डेढ़ तोला सोने की चेन झपट्टा मारकर लूटकर दीवार फांदकर फरार हो गया। पुलिस ने रितेश को घटनास्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया है। रितेश के खिलाफ सिविल लाइंस, तेलीबांधा तथा माना में चोरी तथा चेन स्नैचिंग के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।



## रायपुर ग्रामीण में पुलिस का अभियान, 8 बदमाशों पर कार्रवाई

रायपुर। रायपुर ग्रामीण पुलिस ने होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत आर्म्स एक्ट, प्रतिबंधात्मक धाराओं एवं लंबित वारंटियों में कुल 8 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना विधानसभा पुलिस टीम द्वारा की गई। अभियान के तहत मारपीट एवं आबकारी एक्ट से संबंधित 3 वारंटियों की तामीली की गई। संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां उनके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो लगातार दबिश दे रही हैं।



**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

क्रंमाक/ Q / वाचक/ तह./ 2025
मंदिर हसौद, दिनांक 26.02.2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक मनोज यादव निवासी रायपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम गुजरा प.ह.न. 20 रा.नि.मं. पलौद तहसील मंदिर हसौद स्थित भूमि ख.न. 693, 697 रकबा 0.4600, 0.2200 हे. भूमि कुल खसरा 2 कुल रकबा 0.6800 हे. आवेदक एवं अनोवकदगण के संयुक्त स्वामित्व की भूमि है। उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का वाद विवाद न हो इसलिए खाता विभाजन कार्यवाही किया जाना है। उपरोक्त भूमि कि 1/10 अंश का आवेदक स्वामी है तथा आवेदक के पक्ष 1/10 अंश का खाता विभाजन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 12.03.2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 26.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**नायब तहसीलदार
मंदिर हसौद (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**ग्राम कूंरा, तह. धरसीवा की भूमि बाबत**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कूंरा नगर पंचायत प.ह.नं. 3 रा.नि.मं. व तह, धरसीवा जिला रायपुर में मेरे पक्षकार फजल मोहम्मद व. सकुर मोहम्मद एवं रज्जब मोहम्मद व. गफुर मोहम्मद दोनो निवासी ग्राम कूंरा तह. धरसीवा के नाम स्वामित्व एवं आधिपत्य में अन्य भूमि के अलावा भूमि ख. नं. 1459/3 रकबा 0.012 हे., 1520/3 रकबा 0.028 हे. मेरे पक्षकार फजल मोहम्मद अकेले के नाम पर एवं भूमि ख. नं. 1459/4 रकबा 0.0060 हे., 1520/4 रकबा 0.024 हे, उसके एवं उसके परिवार के संयुक्त नाम पर तथा भूमि ख. नं. 1459/2 रकबा 0.012 हे. एवं ख. नं. 1520/2 रकबा 0.032 हे. मेरे पक्षकार रज्जब मोहम्मद के नाम एवं स्वामित्व में तथा भूमि ख. नं. 1520/5 रकबा 0.0210 हे., 1459/5 रकबा 0.050 हे. मेरे पक्षकार रज्जब मोहम्मद एवं उसकी माता जोहरा बी वगैरह के नाम स्वामित्व एवं आधिपत्य में स्थित है। एक सलीम मोहम्मद व. करीम मोहम्मद मेरे पक्षकारान की उक्त भूमि को करीम मोहम्मद व. शेख मोहम्मद वो अजीज बी बेवा शाकिर मोहम्मद को भूमिस्वामि होना तथा अपने आप को उसका संरक्षक होना उल्लेखित करते हुए मेरे पक्षकारान के स्वामित्व के उक्त भूमियों के कुछ दूरी पर बोर्ड लगाकर मेरे पक्षकारान की उक्त भूमि को संभावित खरिददारों को दिग्भ्रमित कर विक्रय करने का प्रयास कर रहा है जबकि उक्त भूमि पर उसका हक, अधिकार व आधिपत्य नहीं है। उक्त भूमि मेरे पक्षकारान एवं उनके परिवार के सदस्यों की है। उक्त एवं अन्य भूमियों के संबंध में उक्त सलीम मोहम्मद वगैरह द्वारा मेरे पक्षकारान के विरुद्ध एक व्यवहार वाद न्यायालय में प्रस्तुत किये हैं जो लंबित है।

अतः कोई भी शख्स उक्त भूमियों को मेरे पक्षकारान के अलावा उक्त सलीम मोहम्मद व. करीम मोहम्मद या किसी भी अन्य से क्रय आदि करने का संव्यवहार ना करे। इसके बाद भी कोई क्रय आदि करता है तो वह सद्भावी क्रेता नहीं होगा और ना ही उसे भूमि पर वैध स्वत्व एवं आधिपत्य की प्राप्ति होगी। उक्त विक्रय मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर
दिनांक : 01/03/2026

**नरेन्द्र कुमार शर्मा / श्रेयांस शर्मा (अधिवक्तागण)
पता- 47/617, राम मंदिर गली, ब्राम्हणपारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. : 75097-11155**




पेज 09 के शेष ...

### संडे बाजार की मॉनिटरिंग में ...

संडे बाजार में स्थानीय फेरीवालों को ही मौदहापारा में थाने के सामने से मस्जिद तक सड़क के दोनों किनारे फेरी लगाने की अनुमति दी जा रही है। एक व्यक्ति को एक स्पेस में केवल 2 टेबल लगाकर व्यवसाय करने का नियम लागू हो गया है। इसके चलते संडे बाजार में हड़कंप मचा है, निगम प्रशासन का पूरा फोकस फेरीवालों की आईडी तैयार करने पर है। यातायात पुलिस और नगर निगम ने व्यवस्था में बदलाव लाने फेरीवालों के लिए पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया है। सफेद मार्किंग पर ही संडे बाजार सजेगा, सड़क पर सामान फैलाना पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है, जिसका कड़ाई से पालन कराने टीम प्रहरी घूम-घूमकर व्यवस्था बनाने रविवार को जुटी रही। यही नहीं, मुख्य मार्ग की सड़क में निर्धारित सीमा से सामान बाहर निकालने वालों की फोटोग्रॉफी भी इस दौरान की गई।

### होली में कहीं हुड़दंग-उपद्रव ...

थाना क्षेत्र के गुंडे बदमाशों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने निर्देश देने के साथ होली में किसी तरह की गड़बड़ी रोकने सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। होली के दिन रायपुर के तीनों जोन में सुरक्षा के लिहाज से नौ सौ के करीब पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए होली के पांच दिन पूर्व नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर डेढ़ सौ से ज्यादा नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

### ऐसा करने पर हो सकती...

हूटिंग करते होली खेलने निकलने वालों के खिलाफ भी कारवाई करने निर्देश दिए गए हैं। होली के दिन शहर के अंदर कोई तेज रफ्तार वाहन चलाते पाए जाता है उनके खिलाफ भी मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### रिस्पांस टाइम पांच...

जिला प्रशासन के साथ ही तीनों जोन के डीसीपी ने अपने-अपने जोन में शांति समिति की बैठक कर लोगों से सौहद्रपूर्ण होली मनाने अपील की है। क्षेत्र के जिम्मेदारों को होली के दिन गड़बड़ी की स्थिति में पुलिस को तत्काल सूचना देने अपील की है।

### होली में घर जाने की जद्दोजहद ...

रिजर्वेशन काउंटर से मायूस होकर जब यात्रियों ने जनरल कोच का रुख किया तो वहां का मंजर और भी हैरान करने वाला था। हरिभूमि की टीम ने जब लंबी दूरी की ट्रेनों का जायजा लिया तो जनरल बोगियों में हालात बेहद कष्टदायक नजर आई। बैठने की सीटों पर क्षमता से कहीं अधिक यात्री ठसाठस भरे हुए थे। भीड़ इतनी ज्यादा है कि एक-एक कोच में 50 से अधिक यात्रियों को घंटों खड़े होकर अपना सफर तय करना पड़ रहा है। सीट न मिलने पर यात्री जुगाड़ अपनाते हुए डिब्बे के अंदर ही गमछे और कपड़ों की मदद से झूला बनाने लगे थे। रविवार को महानगरों की ओर जाने वाली लगभग एक दर्जन ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 70 से 80 के पार दर्ज की गई। मुंबई-हावड़ा रूट की अधिकतर ट्रेनों के साथ सिकंदराबाद-दरभंगा, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक, दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्क क्रांति, पुरी-अजमेर के जनरल डिब्बे में पैर रखने की जगह नहीं रही।

### मेडिकल कॉलेज में खुला दूसरा...

चौबीस घंटे संचालित होने वाले इस कैंटीन का संचालन फिलहाल पंडाल लगाकर किसी शादी के स्टॉल की तरह किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, कॉलेज के विद्यार्थियों और अस्पताल के डॉक्टरों की सुविधा के लिए प्रारंभ किए गए इस कैंटीन का एक रास्ता कॉलेज के बाहर मुख्य सड़क तक दिए जाने की योजना है। इस कैंटीन को लेकर कॉलेज प्रबंधन द्वारा हाल ही में जारी किए गए एक सर्कुलर की चर्चा भी काफी जोरों पर है। इसके मुताबिक सभी विभागाध्यक्षों को सूचना दी गई है कि कालेज, अस्पताल अथवा संबंधित किसी भी समिति के होने वाले सभी आयोजनों में जलपान की व्यवस्था इसी कैंटीन से की जा सकती है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# होली पर्व पर 65 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब गटक जाएंगे मदिरा प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी में होली के दिन 65 करोड़ रुपए से अधिक की शराब बिक्री होने का अनुमान आबकारी विभाग के अधिकारियों को है। पिछले वर्ष होली में तीन दिन के भीतर पियक्कड़ 60 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब गटक गए थे। त्योहार को देखते हुए आबकारी विभाग ने अभी से तैयारी करते हुए शराब दुकानों में सभी ब्रांड की शराब स्टॉक करना शुरू कर दिया है। दुकानों में शराब की कमी न हो, इसके लिए बताया जा रहा है, आबकारी विभाग ने अतिरिक्त गाड़ियां किराए पर ली है।

अनुमान के मुताबिक, राजधानी में 35 प्रतिशत के करीब लोग होली के दिन शराब पीने के साथ पिलाने का काम करते हैं। होली के दिन ड्राई डे होने की वजह से शराब पीने-पिलाने के शौकीन अभी से शराब स्टॉक करने लगे हैं। आबकारी विभाग के अधिकारियों को इस बार होली में 65 करोड़ रुपए से ज्यादा शराब बिक्री होने का अनुमान है। जितनी शराब दुकानें हैं, उनके सुपरवाइजर से होली के एक सप्ताह पूर्व ही होली के लिए अनुमानित स्टॉक की जानकारी मंगाकर संबंधित दुकानों में शराब आपूर्ति शनिवार से शुरू कर दी है।

**पिछले वर्ष 60 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब बिक्री हुई थी**

**होली में रायपुर जिले में 35 प्रतिशत से ज्यादा आबादी शराब गटक जाती है**





### शराब कोचियों पर आबकारी और पुलिस की निगरानी

बुधवार को ड्राई डे रहेगा, इस बात का शराब कोचिए फायदा उठाने देशी के साथ अंग्रेजी शराब दुकानों से खरीदी कर स्टॉक जुटाने में लगे हैं। ड्राई डे के दिन शराब कोचिए किसी तरह से शराब की अवैध बिक्री नहीं कर पाएं। इसके लिए पुलिस के साथ आबकारी विभाग की टीम मुखबिर की मदद से कोचियों की अभी से धरपकड़ तेज कर दी है।

### अंग्रेजी शराब की डिमांड ज्यादा

होली के अवसर पर देशी की जगह अंग्रेजी शराब की डिमांड ज्यादा रहती है। सबसे ज्यादा डिमांड मध्यम दर्जे की शराब की मांग रहती है। होली में शराब की बिक्री प्रभावित न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए सभी शराब दुकानों में मध्यम दर्जे की चर्चित ब्रांड की शराब का स्टॉक किया जा रहा है। इसके अलावा गोवा स्टैंडर्ड की शराब का अतिरिक्त स्टॉक स्टोरेज करने की व्यवस्था की है।

### बार संचालकों पर अतिरिक्त शराब लेने दबाव

सूत्रों के मुताबिक, होली के दौरान शराब की बिक्री बढ़ाने बार संचालकों पर भी शराब का अतिरिक्त कोटा उठाने कहा गया। बताया जा रहा है, बार संचालकों को सामान्य दिनों की अपेक्षा 25 प्रतिशत ज्यादा स्टॉक उठाने के लिए कहा गया है। पियक्कड़ों के लिए राहत की बात यह रहेगी कि होली के एक दिन पूर्व शाम 5 बजे तक शराब दुकान बंद कर दी जाती थी। इस बार होली के एक दिन पूर्व अपने निर्धारित समय तक शराब दुकानें खुली रहेंगी।

## खबर संक्षेप



### चेट्रीचंड्र : विशाल वाहन रैली में शामिल होंगे तीन सेलिब्रिटी

**रायपुर।** चेट्रीचंड्र पर्व के उपलक्ष्य में 13 मार्च को जय झूलेलाल महोत्सव समिति द्वारा राजधानी में विशाल वाहन रैली एवं झूलेलाल चालीसा महापाठ दरियाशाह की भव्य महाआरती के साथ रंगारंग आतिशबाजी का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली का शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसका जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। समिति के संस्थापक प्रशांत राज गावरी व आदर्श कलवानी ने संयुक्त रूप से बताया, चेट्रीचंड्र के अवसर पर ऐसा पहली बार होगा कि किसी वाहन रैली में तीन सेलिब्रिटी एक साथ एक ही समय पर और एक ही मंच पर शामिल होंगे। सेलिब्रिटी गेस्ट बॉलीवुड अभिनेता राहुल चेलानी, महाबली हनुमान फेम निर्भय वाधवा व अभिनेता अक्षय पोपटानी विशेष रूप से शामिल होने इस आयोजन में आ रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के योगेश घिंडवानी, संतोष सचदेव, हर्षित लेखवानी, सुजल कारवानी, हेमंत बुधवानी, प्रियांशु रत्नानी, मोहित नंदानी, महेश बृजवानी, प्रतीक राज गावरी, सुशील शामनानी आदि सदस्य जुटे हुए हैं।

### कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का निरीक्षण

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने गुरुवार को रायपुर में डीकेएस हास्पिटल के पास निर्माणाधीन नए तहसील कार्यालय और सिद्धार्थ चौक स्थित वर्किंग वीमेन हॉस्टल का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। कलेक्टर ने नए तहसील कार्यालय के निर्माण स्थल पर उपयोग में लाई जा रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने साइट अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य स्वीकृत नक्शे के अनुरूप करें। कलेक्टर ने सिद्धार्थ चौक में निर्माणाधीन 250 सीटर वर्किंग वीमेन हॉस्टल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त विश्वदीप एवं जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन उपस्थित रहे।

## गाइडलाइन दरों में संशोधन के बाद अब तेज हो सकती है रजिस्ट्री

# नई गाइडलाइन से बिदके आमजन, दिसंबर तक रजिस्ट्री से आमदनी घटी चार फीसदी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने जमीन-जायदाद के दस्तावेज की रजिस्ट्री की गाइडलाइन दरों में पुनरीक्षण किया था, इसका असर ये हुआ कि पंजीयन शुल्क बढ़ने से लोग बिदक गए। यही कारण रहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकार को मिलने वाले राजस्व में पिछले साल के मुकाबले 4.10 प्रतिशत की कमी आ गई। यही नहीं, पंजीकृत दस्तावेजों की संख्या भी 10.20 प्रतिशत कम हो गई। यह स्थिति 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 के बीच रही, लेकिन अब पंजीयन से जुड़े लोगों के कहना है, वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में रजिस्ट्री से राजस्व की कमी पूरी हो सकती है।

राज्य सरकार ने करीब सात साल के अंतराल के बाद गाइडलाइन दरों में यह कहते हुए बदलाव किया था कि छत्तीसगढ़ में वर्ष 2025-26 में वर्ष 2018-19 की प्रचलित गाइडलाइन दरें प्रभावशील होने से व्यावसायिक दृष्टि से असमानता की स्थिति निर्मित हो गई थी। विगत 7-8 वर्ष से अचल संपत्ति की दरों में कोई भी परिवर्तन नहीं हुआ था, इस दौरान संपत्ति की बाजार कीमत, विकास की गतिविधियां, भूमियों के उपयोग की प्रकृति, नगरीय सीमाओं में बहुत परिवर्तन होने से खुले बाजार में जमीनों के दाम कई गुना अधिक बढ़ चुके हैं।

**अब वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च पर टिका है दांव**



### अब मार्च का भरोसा

*पंजीयन विभाग के सूत्रों की मानें तो अभी इस वित्तीय वर्ष में पूरा एक महीना बाकी है। इस अवधि में रजिस्ट्री की संख्या बढ़ने से राजस्व आय और पंजीकृत दस्तावेज की संख्या में इजाफा हो सकता है। वजह ये है कि नई गाइडलाइन में जो वृद्धि की गई थी तथा नए प्रावधान जोड़े गए थे, उसमें व्यापक सुधार कर लिया गया है। इसलिए ये संभावना है कि पंजीयन विभाग को अब तक हुए राजस्व में घाटे की कमी पूरी हो जाएगी। हालांकि जनवरी 2026 से लेकर फरवरी तक हुए पंजीयन की जानकारी इसमें शामिल नहीं है।*

### राशि कच्चे में लेन-देन होने की संभावनाएं प्रबल हो गई थीं

*गाइडलाइन दर स्थिर रहने से मार्केट रेट और गाइडलाइन रेट के बीच ज्यादा फासला होने से वास्तविक प्रतिफल राशि को छिपाया जाकर अंतर की राशि कच्चे में लेन-देन होने की संभावनाएं प्रबल हो गई थीं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में हेक्टेयर दर के साथ ही 500 वर्गमीटर के भूखंड के लिए अलग से वर्गमीटर में दरें निर्धारित थीं, जो कि हेक्टेयर दर की तुलना में 5 से 10 गुना तक अधिक थीं। इसलिए अधिग्रहण में अधिक मुआवजे का लाभ लेने के लिए बड़े रकबा का छोटे टुकड़ों में बटांकन कर लिया जाता था। इन कारणों से गाइडलाइन दरों का पुनरीक्षण किया जाना आवश्यक बताया गया था, इसे देखते हुए पूर्व विसंगतिपूर्ण दरों का सुधार तथा अनावश्यक कंडिकाओं का युक्तियुक्तकरण करते हुए 20 नवंबर 2025 से गाइडलाइन दरों का पुनरीक्षण किया जाकर अचल संपत्ति के मूल्यांकन हेतु नवीन गाइडलाइन दरें प्रभावशील की गई थीं।*

### एक नजर राजस्व और दस्तावेज पंजीयन के आंकड़े पर

*अब एक नजर डालते हैं पंजीयन से मिलने वाले राजस्व और पंजीबद्ध दस्तावेज की संख्या पर। राज्य में 2025-26 में 1 अप्रैल 2025 से लेकर 31 दिसंबर तक राजस्व के रूप में 1960.05 करोड़ रुपए मिले। जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह राशि कुल मिलाकर 2978.58 करोड़ रुपए थी। इस हिसाब इस राजस्व प्राप्ति में पिछले साल के मुकाबले 4.10 प्रतिशत की कमी आई। अब पंजीकृत दस्तावेज की संख्या देखें तो साफ होता है कि 2025-26 में 31 दिसंबर तक 2 लाख 4 हजार दस्तावेज पंजीकृत हुए। जबकि पिछले साल यह संख्या 3.21 लाख थी। इस हिसाब से यह कमी 10.20 प्रतिशत रही। खास बात ये है कि पिछले दस साल में पहली बार पंजीकृत दस्तावेज की संख्या में इतनी बड़ी कमी आई है।*

# मिडिल ईस्ट देशों में परीक्षा रद्द, लेकिन यहां पूर्ववत जारी रहेंगे पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




■ भारत के साथ विदेशों में भी परीक्षाएं आयोजित करता है सीबीएसई

इजरायल-ईरान युद्ध के बीच सीबीएसई ने मिडिल ईस्ट के देशों में होने वाली 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षा को रद्द कर दिया है।

बोर्ड ने यह निर्णय बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में बढ़ते युद्ध के कारण स्थिति को देखते हुए लिया है। ये परीक्षाएं केवल मिडिल-ईस्ट देश के छात्रों के लिए रद्द की गई है। छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत में परीक्षाएं पूर्ववत आयोजित होंगी। इसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं होगा।

गौरतलब है कि सीबीएसई ने इन देशों में छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, सोमवार को होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया है। यह फैसला मिडिल ईस्ट के छात्रों के लिए है, जहां युद्ध और सुरक्षा की स्थिति चिंताजनक हो गई है। वहीं, बोर्ड ने इस फैसले को लेकर स्पष्ट किया है कि होली के बाद नई परीक्षा तिथियों की घोषणा की जाएगी। छात्रों और अभिभावकों को अब नई तिथियों का इंतजार रहेगा, जिससे वे अपनी पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी को फिर से सही तरीके से कर सकें।

### स्थिति में सुधार के बाद नई तिथि

सीबीएसई ने इस कठिन समय में उन छात्रों और उनके परिवारों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए यह कदम उठाया है, जो युद्ध से प्रभावित हैं। बोर्ड ने कहा कि सुरक्षा की स्थिति में सुधार के बाद जल्द ही नई तिथियों का ऐलान किया जाएगा। इस निर्णय से मिडिल ईस्ट में रहने वाले छात्रों को राहत मिली है, लेकिन अब उन्हें अगली परीक्षा तिथियों का इंतजार रहेगा। सीबीएसई बोर्ड ने यह सुनिश्चित किया है कि उनकी परीक्षा को उचित समय पर और बिना किसी दिक्कत के आयोजित किया जाएगा। गौरतलब है की सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त स्कूल विदेशों में भी संचालित हैं। ऐसे में इनके लिए भी सीबीएसई परीक्षाएं आयोजित करता है।

# चेट्रीचंड्र शोभायात्रा के पुराने रूट पर बैन सिंधी समाज नाराज, बृजमोहन से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ सांसद बृजमोहन ने दिया आश्वासन

छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के नेतृत्व में सिंधी समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। रायपुर पुलिस कमिश्नर के एक आदेश के अनुसार आगामी दो माह के लिए एमजी रोड मालवीय रोड जयस्तंभ चौक के साथ-साथ काफी सारे मार्गों पर जुलूस और शोभायात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जो सुबह 9 बजे से रात के 9 बजे तक प्रभावशील है। इससे नाराज सिंधी समाज ने छत्तीसगढ़ सिंधी महापंचायत के नेतृत्व में सांसद से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी, ललित जैसिंघ और प्रवक्ता सुभाष बजाज ने सांसद श्री अग्रवाल के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए बताया कि चेट्रीचंड्र की शोभायात्रा हर वर्ष रात 9 बजे के बाद ही एमजी रोड से जयस्तंभ चौक और मालवीय रोड जाती है, इससे किसी भी तरह के आदेश व प्रतिबंध का उल्लंघन नहीं होता है, अतः जुलूस को पूर्व की भांति ही हर वर्ष की तरह वाले मार्ग पर जुलूस निकालने की अनुमति प्रदान की जाए। वहीं पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ-साथ चेटीचंड्र महोत्सव समिति के प्रमुख डॉ. भीमनदास बजाज, महेश पृथ्वानी ने भी सांसद के सामने यह पक्ष रखा कि विगत वर्षों की तरह ही शोभायात्रा का मार्ग यथावत रखा जाए, क्योंकि पूरे समाज में इस आदेश का बहुत ज्यादा विरोध हो रहा है।



### समस्या का करेंगे निराकरण

सांसद ने सारी बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि जल्द ही इस समस्या का निराकरण कर लिया जाएगा। मुलाकात करने वालों में प्रतिनिधिमंडल में महेश दरयानी, ललित जैसिंघ, डॉ. भीमनदास बजाज, महेश पृथ्वानी, सुभाष बजाज, तनेश आहूजा, अनूप मसंद, राजा जेठानी, अमर चंदनानी, अनिल लाहौरी, सागर खटवानी, दीपक कृपलानी, बलराम मंधानी, मनीष बजाज, लेखू गोवानी आदि उपस्थित थे।

# व्यावसायिक कल्याण समिति ही चलाएगी जवाहर बाजार की पार्किंग, एक साल के लिए ठेका रिनुवल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ बाजार के व्यापारी, स्टाफ और जवाहरबाजार में आने वालों के लिए पार्किंग निशुल्क

मालवीय रोड स्थित बाजार पार्किंग सह व्यावसायिक परिसर में पार्किंग का ठेका अब वहां की व्यावसायिक कल्याण समिति ही चलाएगी। ठेके की मियाद खत्म होने के बाद बाजार के व्यवसायियों ने पार्किंग संचालन व संधारण के लिए आवेदन लगाया, जिसे महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त ने मंजूर करते हुए एक वर्ष के लिए पुरानी शर्तों के आधार पर पार्किंग ठेके का रिनुवल किया है।

दरअसल रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा राजधानी के मध्य जवाहर बाजार पार्किंग सह व्यावसायिक परिसर का निर्माण कराया गया है। 5 बाजारों के बीच एक बड़ी पार्किंग की सुविधा देने के मकसद से इसका निर्माण कराया गया। निर्माण के समय 3 वर्ष के लिए जवाहर बाजार पार्किंग के संचालन, संधारण तथा संपूर्ण रखरखाव का जिम्मा नगर निगम ने जवाहर बाजार व्यावसायिक कल्याण समिति को दिया गया। हाल ही में इसकी मियाद पूरी हो गई। इसे देखते हुए निगम आयुक्त विश्वदीप ने 2 जनवरी 2026 को आदेश जारी कर प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत जवाहर बाजार पार्किंग सह व्यावसायिक परिसर में निर्मित पार्किंग में वाहनों से पार्किंग शुल्क विभागीय वसूली के लिए किए जाने 6 कर्मचारियों को आदेशित कर उनके मूल कार्यों के साथ संलग्न किया। इस संबंध में जवाहर बाजार व्यावसायिक कल्याण समिति ने पार्किंग संचालन के नियम व शर्तों के तहत ठेका रिनुवल के लिए निगम में आवेदन किया। उनके इस आवेदन को मंजूर कर जवाहर बाजार व्यवसायिक कल्याण समिति को पुराने नियम व शर्तों के तहत सहमति के आधार पर 1 वर्ष के लिए पार्किंग संचालन व संधारण का जिम्मा दिया है।

### ठेका शर्त में ये है शामिल

0 जवाहर बाजार बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर का रखरखाव
0 परिसर की साफ-सफाई की व्यवस्था, बिजली बिल का भुगतान
0 पार्किंग परिसर का संचालन व संधारण
0 परिसर की सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड रखने की जिम्मेदारी

### रिनुवल हुआ है पार्किंग ठेका

जवाहर बाजार पार्किंग सह व्यावसायिक परिसर के पार्किंग संचालन व संधारण के लिए व्यापारियों की समिति ने आवेदन दिया था। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप ने एक वर्ष के लिए पार्किंग ठेका का रिनुवल करते हुए जवाहर बाजार व्यावसायिक कल्याण समिति को यह जिम्मा दिया है। इसके लिए महापौर और निगम आयुक्त का आभार व्यक्त करते हैं।

**- सुभाष बजाज,** अध्यक्ष, जवाहर बाजार व्यावसायिक कल्याण समिति

# माना-तूता जंगल बचाओ आंदोलन का छठवां दिन, निगरानी में जुटे रहे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ फिल्मसिटी परियोजना के लिए पेड़ काटने का विरोध

माना-तूता जंगल में फिल्मसिटी परियोजना के लिए प्रस्तावित पेड़ों की कटाई के विरोध में चल रहे जनआंदोलन का छठवां दिन निगरानी समिति की अथक सक्रियता के साथ बीता। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा एवं प्रवीण साहू के संयुक्त आव्हान पर रविवार को निगरानी समिति ने पिछड़ा वर्ग आयोग की पूर्व सदस्य किरण सिन्हा के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर पूरा दिन जंगल में बिताया। निगरानी समिति के सदस्यों कृणाल सिन्हा, सारिका साहू, गोपाल बाजपेई गोवर्धन साहू, तुलेश साहू, लव यादव सहित अन्य ने श्रीमती किरण सिन्हा एवं स्थानीय व्यक्तियों के साथ जंगल के विभिन्न हिस्सों में सतर्कता के साथ नजर रखी। वे दिनभर जंगल में बैठकर, घूमकर किसी भी चोरी-छिपे कटाई या अवैध गतिविधि पर कड़ी निगरानी करते रहे। श्रीमती सिन्हा ने इस दौरान कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि पिछड़े वर्गों की महिलाएं एवं ग्रामीण समुदाय पर्यावरण संरक्षण में सबसे आगे हैं, क्योंकि जंगल हमारी आजीविका और संस्कृति का आधार है।

आवश्यकता है
कुक - 01
खाना बनाने में दक्ष
अनुभवी को प्राथमिकता
भोजन / आवास की व्यवस्था
इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा के साथ संपर्क करें
एच.आर. विभाग
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
15 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ऑफर ₹22,500/-3AC ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 2 मार्च 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 व्हीलचेयर और बैसाखी के सहारे लिए ...

## एजुकेशन अलर्ट

# रेलवे ग्रुप के 22195 पदों पर आवेदन की लास्ट डेट आज




**रायपुर।** सपना देख रहे युवाओं के लिए अंतिम मौका है। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (आरआरबी) की ओर से ग्रुप के 22195 के रिक्त पदों पर भर्ती हो रही है, जिसमें शामिल होने के लिए आवेदन की लास्ट डेट आज यानी 2 मार्च निर्धारित है। ऐसे में अभी तक किसी कारणवश आवेदन न कर पाने वाले अभ्यर्थी बिना देरी करते हुए ऑफिशियल आवेदन पोर्टल rrbapply.gov.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। फॉर्म भरने के बाद फीस का भुगतान 5 मार्च तक किया जा सकेगा। आरआरबी ग्रुप डी पदों पर किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण युवा आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, 10वीं के साथ अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 33 साल से ज्यादा न हो। आरक्षित वर्ग से आने वाले अभ्यर्थियों को ऊपरी उम्र में नियमानुसार छूट प्रदान की गई है। उम्र की गणना 1 जनवरी 2026 के अनुसार होगी।

### ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए फीस 500 रुपए

इस भर्ती में शामिल होने के लिए जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए फीस 500 रुपए वहीं एससी/ एसटी के लिए फीस 250 रुपए निर्धारित है। पहले चरण की परीक्षा में भाग लेने के बाद जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को 400 रुपए और एससी/ एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों की पूरी फीस रिफंड हो जाएगी। आरआरबी ग्रुप डी फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल आवेदन पोर्टल **rrbapply.gov.in** पर जाएं। आधार कार्ड या अपने रेलवे अकाउंट क्रेडेंशियल दर्ज करके लॉग इन करें। इसके बाद मांगी गई डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा करें। कैटेगरी के अनुसार निर्धारित फीस जमा करें। फॉर्म को सबमिट कर दें और उसका एक प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रख लें।

## राजधानी के मठ-मंदिरों सहित 500 से अधिक स्थानों पर आधी रात धधकेगी होलिका, प्रहलाद की आस्था के साक्षी बनेंगे लोग

# आदिशक्ति के अखंड ज्योति कलश की अग्नि से आज रात निभाई जाएगी होलिका दहन की परंपरा

'रंगों का पर्व मनाने से पहले शहर के प्राचीन मठ-मंदिरों सहित 500 से ज्यादा स्थानों पर तैयारियों को अंतिम रूप देने का सिलसिला रविवार को चला। इस साल भी पुरानी बस्ती स्थित आदि शक्ति मां महामाया के गर्भगृह में प्रकाश मान अखंड ज्योत कलश की अग्नि से आधी रात में विधि-विधान से होलिका दहन की परंपरा निभाई जाएगी। धधकती होलिका जहां छल, कपट की प्रतीक बनेगी, वहीं भक्त प्रहलाद की आस्था का साक्षी बनने के लिए लोग पहुंचेंगे। इस साल होलिका जलाने के लिए लोगों को आधी रात तक इंतजार भी करना पड़ेगा।'

**रायपुर।** इस साल की होली में होलाष्टक का प्रभाव सिर, धड़ भाग में नहीं, बल्कि पूंछ में होने से होलाष्टक मान्य नहीं है। मां महामाया मंदिर के पुजारी एवं भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि होली से पहले लगने वाला होलाष्टक तिथिगत कालखंडों और सीमाओं के आधार पर ऋषिकेश और वाराणसी से तय किया जाता है। वहां से जारी वर्ष के पंचांग की गणना में पंजाब, राजस्थान, रावी, पिपासा, हीरावती जैसी नदियों के क्षेत्र में होलाष्टक प्रभावी रहेगा। जबकि छत्तीसगढ़ की सीमा होलाष्टक प्रभाव के पूंछ भाग में होने से इस साल होलाष्टक मान्य नहीं है। इस वजह से मंदिरों में होने वाली पूजा प्रभावित नहीं होगी। होलिका दहन हिंदू पंचांग के तहत फाल्गुन पूर्णिमा तिथि में किया जाता है, इसलिए इस तिथि के शुभ प्रभाव काल के लिए इंतजार करना होगा। इस साल भी दूधाधारी मठ, दंतेश्वरी मंदिर, जैतूसाव मठ सहित शहर में 500 से अधिक स्थानों पर होलिका जलाने की तैयारी है।



### लोग रात में सजाएंगे होलिका, बनवा रहे हैं मूर्ति

*कई आयोजकों ने होलिका और भक्त प्रहलाद की प्रतिमा भी बनवा रहे हैं। इसे प्रतीक स्वरूप जलाने की परंपरा निभाएंगे। इसके लिए मूर्ति बनाने वाले कारीगरों से भी संपर्क किया है। मूर्तिकार राकेश पुजारी ने बताया कि कुछ लोग ही इसके लिए आर्डर देते हैं। मूर्ति बनवाने का चलन भी बढ़ा है। लोग भक्त प्रहलाद से छल करने वाली होलिका के स्वरूप को भी अब जलाने लगे हैं। कुछ साल पहले तक इस तरह के प्रयास नहीं होते थे। मूर्ति को प्रतीक के रूप में आयोजन का हिस्सा इसलिए बनाते हैं, ताकि युवाओं को पर्व की महत्ता का बोध करवाया जा सके।*

### मंदिर परिसर में होली जलने के बाद ले जाते हैं आग

*मां महामाया मंदिर के पुजारी श्री शुक्ला ने बताया कि प्राचीन परंपरा रही है कि आदि शक्ति के मंदिर परिसर में उनके गर्भगृह में वर्षों से प्रकाशमान ज्योति कलश की अग्नि से मंदिर परिसर में सजाई गई होलिका का दहन विधि-विधान से किया जाता है। इसमें आसपास के लोग ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के लाखेनगर, पुरानीबस्ती और इससे जुड़ी अलग-अलग बस्तियों में 25 से ज्यादा स्थानों पर होलिका दहन हर साल यही की अग्नि से की जाती है। इसके चलते विभिन्न क्षेत्र के लोग भी महामाया मंदिर परिसर में निभाई जाने वाली होलिका दहन में भाग लेते हैं। इस साल यह परंपरा दो मार्च की आधी रात निभाई जाएगी। इस बार होलिका दहन के लिए समय भी बहुत कम मिल रहा है।*



### इस तरह निभाएं परंपरा करना चाहिए लोकाचार्य

*श्रीनरहरेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित देवचरन शर्मा और वेदाचार्य प्रदीप शुक्ला ने बताया कि जिस तिथि में होलिका जलाई जाती है, उस दिन परिवार के लोगों को उपटन लगाने और साफ करने पर निकलने वाली गंदगी को समेटने के बाद होलिका में डालें। लोकाचार्य में यह भी शामिल हैं कि होलिका दहन के लिए जाते समय घर से कंडा लेकर जाएं और होलिका में उसे अर्पित करें। धार्मिक स्थलों में निभाई जाने वाली परंपराओं में इसका निर्वहन लोग वर्तमान दौर में भी करते हैं। उपटन लगाने से जुड़ी प्रासंगिकता इसलिए लोकाचार्य का हिस्सा है, क्योंकि उपटन के रूप में शारीरिक बाधाओं का अंत होता है। इसलिए, इस परंपरा को सामाजिक सरोकार से जुड़े लोग निभाते हैं।*

## सिटी इवेंट

# विद्यार्थी आइडिया लैब के उपयोग से करेंगे नवाचार, स्टार्टअप विकास, पेटेंट और रिसर्च



**रायपुर।** ट्रिपल आईटी में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद प्रयोगशाला आइडिया लैब का उद्घाटन किया गया। यह संस्थान की नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस लैब की स्थापना अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की पहल के अंतर्गत की गई है। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. चंद्र शेखर वर्मा (उप निदेशक अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एवं पूर्व रजिस्ट्रार ट्रिपल आईटी नया रायपुर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ओम प्रकाश व्यास ( निदेशक ट्रिपल आईटी) ने की। अपने स्वागत भाषण में प्रो. व्यास ने अनुभवात्मक अधिगम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एआईसीटीई आइडिया लैब रचनात्मकता, अनुसंधान और तकनीकी विकास का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को इस सुविधा का उपयोग कर अपने नवाचारी विचारों को व्यावहारिक समाधानों में परिवर्तित करने तथा विभिन्न विषयों के बीच सहयोग की संस्कृति विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जो ट्रिपल आईटी में नवाचार, सहयोग और शैक्षणिक उत्कृष्टता के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है।

> ट्रिपल आईटी नया रायपुर में एआईसीटीई आइडिया लैब का उद्घाटन

### सक्षम इंजीनियर बनने का मंच

अपने मुख्य वक्तव्य में डॉ. वर्मा ने विद्यार्थियों को लैब का उपयोग नवाचार, स्टार्टअप विकास, पेटेंट एवं प्रभावी अनुसंधान के लिए करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक अनुभव और प्रयोग आधारित अधिगम ही भविष्य के सक्षम इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### स्टूडेंट्स ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में लिया भाग

उद्घाटन समारोह के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा स्वस्थ शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विजेताओं को समारोह के दौरान पुरस्कार प्रदान किए गए।

# काला मोतियाबिंद की जांच और इलाज की आधुनिक तकनीक से रूबरू हुए मेडिकल स्टूडेंट्स



**रायपुर।** आधुनिक मशीनों के जरिए काला मोतियाबिंद, ग्लूकोमा की सटीक जांच का प्रशिक्षण देने के लिए एमजीएम अस्पताल के ग्लूकोमा विभाग द्वारा विशेष ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शहर के पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्टूडेंट्स को काला मोतियाबिंद के शुरुआती लक्षणों को पहचानने और जांच उपकरणों के सही इस्तेमाल की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. देवाशीष ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान स्टूडेंट्स को गोनियो जांच, गोनियोस्कोपी, आई प्रेशर, आंखों का दबाव मापना, स्पेशल टेस्ट और नसों के स्कैन की प्रक्रिया सिखाई गई।



### बीमारी को पहचानने के बताए तरीके

कार्यक्रम में इसके साथ ही, अत्याधुनिक मशीनों के जरिए जांच करने की सही विधि और बीमारी को पहचानने के तरीके भी गहराई से बताए गए। प्रशिक्षण सत्र के दौरान इंटरैक्टिव सेशन भी हुआ, जिसमें स्टूडेंट्स ने विषय विशेषज्ञों से सवाल-जवाब कर अपनी चिकित्सा संबंधी शंकाओं का समाधान किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में डॉ. अनुपम साहू, डॉ. शुभांगी शर्मा और डॉ. अर्चना विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# सपने बड़े देखें और उसे पूरा करने के लिए प्रयास भी करें

**रायपुर।** कुछ मोटिवेशनल स्पीकर कहते हैं कि सपने बड़े देखो। मैं कहता हूं कि सपने बड़े देखो, लेकिन उसे पूरा करने के लिए प्रयास भी करें। अपने सपनों को पाने के लिए मेहनत करो, तभी सफलता मिलेगी। उक्ताशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने नेहरू युवा केंद्र के माय भारत के युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में गुजरात से आए युवाओं से कही। काले ने कहा कि रायपुर में आपने अभी जो पांच दिन गुजारे हैं, वह समय आपके जीवन में दोबारा नहीं आ सकता। यहां जो आपने सीखा, जो जाना, उसे जीवन में आत्मसात करना जरूरी है। उन्होंने प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी जेम की कहानी सुनाई।

### जेम ने पांच लाख डालर भिखारी को दे दिए

उन्होंने बताते हुए कहा कि जेम ने जब अपने जीवन की पहली स्पर्धा खेली और पांच लाख डालर जीतकर स्टेडियम से बाहर आए तो एक भिखारी ने उनसे अपनी मां के बीमार होने का हवाला दिया और पैसे मांगे। इस पर जेम ने पूरे पांच लाख डालर उसे दे दिए। फिर पूरे उत्साह के साथ दूसरी स्पर्धा भी खेली और जीती। उन्होंने 10 लाख डालर जीते। इस पर उनके दोस्तों ने पूछा कि तुमने मैच में मिले पांच लाख डालर का क्या किया तो जेम ने सारी बात बताई। जेम की बात सुन दोस्तों ने कहा, वह बहुत बड़ा फ्रॉड है। उसकी मां बीमार नहीं है, इसके बाद भी नकारात्मक सोच को हावी नहीं होने दिया।

## युवाओं ने लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों पर रखी अपनी बेबाक राय

कार्नर न्यूज

# युवा संसद में गूंजी 'विकसित भारत' की आवाज आपातकाल के 50 वर्षों पर हुआ सार्थक मंथन









**रायपुर।** देश के नीति-निर्माण और लोकतांत्रिक ढांचे में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजधानी रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में विकसित भारत युवा संसद 2026 का भव्य आयोजन किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) के 'माय भारत' और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस वर्ष युवा संसद का मुख्य विषय 'आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख' रखा गया था। इस गंभीर और महत्वपूर्ण विषय पर युवाओं ने लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक दायित्वों को लेकर अपने विचार बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में पीआरएसयू के प्रॉक्टर (कुल अनुशासक) ए.के. श्रीवास्तव, जीवन विज्ञान विभाग के डीन प्रो. अशोक प्रधान, साइंस कॉलेज की प्रो. सुनीता सनवारिया और माय भारत के स्टेट डायरेक्टर अर्पित तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### अब राज्य स्तर पर प्रदर्शन करेंगे

युवाओं को संबोधित करते हुए स्टेट डायरेक्टर अर्पित तिवारी ने कहा कि इस युवा संसद का मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश की नीति-निर्माण प्रक्रिया से सीधे तौर पर जोड़ना है, ताकि वे एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता से चयनित शीर्ष 5 प्रतिभागी अब राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम के प्रति युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। माय भारत पोर्टल के माध्यम से 195 से अधिक युवाओं ने अपना पंजीकरण कराकर इसमें हिस्सा लिया।

### सोमेश्वर ने मारी बाजी ये रहे शीर्ष 5 विजेता

प्रतिभागियों के तार्किक और प्रस्तुति कौशल को परखने के लिए एक विशेष निर्णायक मंडल का गठन किया गया था। इसमें प्रो. सुनीता चंसोरिया (दुर्गा कॉलेज), प्रो. अमन झा (दुर्गा कॉलेज), प्रो. अलेख साहू (स्कूल ऑफ लॉ, पीआरएसयू), प्रो. अशोक प्रधान और प्रो. कमलेश शुक्ला (बायोटेक्नोलॉजी, पीटीआरयू) शामिल रहे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सोमेश्वर प्रसाद गंजीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अपनी जीत पर सोमेश्वर ने कहा, 'देश की असली ताकत उसका सशक्त लोकतंत्र है। आपातकाल के 50 वर्ष बाद आज यह और भी जरूरी हो गया है कि हम अपने लोकतंत्र के मूल स्तंभों को और अधिक मजबूत करें।'

### प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे

*प्रथम स्थानः सोमेश्वर प्रसाद गंजीर*
*द्वितीय स्थानः डी. ज्ञानेश कुमार*
*तृतीय स्थानः देवाशीष पटेल*
*चतुर्थ स्थानः अवनी*
*पंचम स्थानः अनुश्रुति कुम्भलकर*

**सिटी लाइव**

## भगवान झूलेलाल उत्सव का ब्रोशर विमोचित, 16 को मूर्ति की स्थापना



**रायपुर।** भगवान झूलेलाल उत्सव की तैयारी तेज हो गई है। इस कड़ी में रविवार को सिंधु एकता संघ सिंधी समाज द्वारा लगातार 14वें वर्ष गणेश उत्सव की तरह झूलेलाल उत्सव मनाने के लिए तैयार किए गए ब्रोशर का विमोचन किया गया। इस साल भी 16 मार्च को सिंधी समाज द्वारा घर-घर भगवान झूलेलाल की मूर्ति स्थापना की जाएगी। प्रदेशभर में सिंधु एकता संघ और संत लाल दास से जुड़ी स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा निशुल्क मूर्ति वितरण किया जाएगा। संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, संयोजक महेश मोटवानी, अध्यक्ष चंद्र कुमार माखीजा ने बताया कि गरिमामय आयोजन में संत लाल दास और सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी ने झूलेलाल उत्सव के लिए बनवाए गए ब्रोशर का विमोचन किया।

### धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए सराहनीय प्रयास

इस अवसर पर संत लाल दास ने आयोजन करने वाली संस्था का साधुवाद देते हुए कहा कि सिंधी समाज के युवाओं और समाज को धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। संतश्री ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि जिस तरह यह आयोजन रायपुर से शुरू होने के बाद धीरे-धीरे देशभर में शुरू हो रहा है। इससे ऐसा लगता है कि इसके माध्यम से समाज से विमुख युवाओं और लोगों को धर्म - संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह के प्रयास से सिंधी समाज की धर्म और संस्कृति से जुड़ेंगे तथा निश्चित रूप से बड़ी सफलता भी मिलेगी। इस अवसर पर अमर गिदवानी, बलराम आहूजा, भारत चंदवानी, कुमार बोधवानी, अमर चंदनानी प्रमुख रूप से आयोजन का हिस्सा बने।

**धर्म लाइव**

## उदित मुनि से भेंट-बंदगी में श्रद्धालुओं ने लिया आशीष



**रायपुर।** ज्ञान अमृत विद्यालय (जीएवी) में रविवार को कबीर पंथ श्री हुजुर उदित मुनि नाम साहेब का श्रद्धा एवं भक्ति भाव से भेंट-बंदगी का आयोजन ज्ञान अमृत विद्यालय में किया गया। सद्गुरु कबीर धर्मदास साहब की वंशावली के 16वें वंशाचार्य के आगमन से ज्ञान अमृत विद्यालय परिसर आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर हो उठा। आसपास रहने वाले उनके शिष्य और श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए आशीष प्राप्त किया। जहां बड़ी संख्या में शिष्य एवं अनुयायी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री रविन्द्र शर्मा (दाऊ पुरान), स्वप्निल शर्मा, अगमदास गुरु गोसाईं ने पूजा-अर्चना की। आशीष वचन की कड़ी में मुनिश्री ने लोगों को सद्भाव, सेवा, सत्संग और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

### भक्ति भावना से ही सार्थक होगा जीवन

उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा के आदर्शों को जीवन में अपनाकर ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति भावना से ही जीवन को सार्थक किया जा सकता है। इससे भावी पीढ़ी को जोड़ने की बात पर उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जिस भाव से उन्हें जोड़ा जाएगा, उसका पालन करने का भाव जागृत करने का दायित्व इस आयोजन के माध्यम से निभाया जा रहा है। यह आने वाले समय के लिए अच्छा संकेत है। इस भावना से अब बच्चों को जोड़ने का प्रयास आगे भी होना चाहिए।

**लाइव इवेंट**

## ध्यान शिविर में आध्यात्मिक यात्रा को गति देने साधकों को दी क्रिया दीक्षा



**रायपुर।** योगदा सत्संग सोसायटी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय ध्यान शिविर का समापन हुआ। अंतिम दिन क्रिया दीक्षा भी दी गई। योगदा सत्संग सेल्फ रियलाइजेशन सोसायटी से आए संन्यासी स्वामी ललितानंद ने देशभर से आए इच्छुक साधकों को क्रिया दीक्षा दी। क्रिया दीक्षा के समय साधक रो पड़े, क्योंकि उनका कहना था कि लंबे समय से गुरु की खोज की यात्रा समाप्त हुई।

### आयोजन को अतिथियों ने सराहा, बेहतर पहल

समापन के आखिरी दिन जहां नव दीक्षा लिए साधकों को स्वामी आद्यानंद और स्वामी ललिता नन्द ने क्रिया योग की प्रविधियों को परमहंस स्वामी योगानंद के निर्देशानुसार कैसे किया जाए, इसके बारे में बारीकी से समझाया। साथ ही बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर भी बताया। वहीं, ब्रह्मचारी चिन्मयानंद जी ने बताया कि कैसे क्रिया दीक्षा आध्यात्मिक यात्रा की गति को बेहद तेज कर देती है। सत्र के अंतिम दिन योगदा से आए संन्यासियों ने रायपुर ध्यान मंडली समेत आयोजन समिति की तारीफ की। मुख्य आयोजन जे पी वासन, डॉ. आशीष महोबिया, विजय रंजन, सुरोबिन रॉय, धीरज, डॉ. स्वाति महोबिया, ज्योति, कोलकाता से आई पापरी ने किया।

● सामूहिक विवाह में 22 दिव्यांग युवक-युवती परिणय सूत्र में बंधे, परिजनों और अतिथियों ने दिया आशीर्वाद

# व्हीलचेयर और बैसाखी के सहारे लिए अग्नि के सात फेरे, जीवनभर साथ निभाने का लिया वचन

बैरनबाजार स्थित आशीर्वाद भवन में रविवार का दिन 22 दिव्यांग युवक-युवतियों के जीवन में नवजीवन का सुख लेकर आया। दिव्यांग युवक-युवती सामूहिक विवाह के अंतर्गत सर्वधर्म के युवक-युवती पारंपरिक रीति-रिवाज से विवाह बंधन में बंधकर एक-दूजे के हुए। इन नवदंपतियों को उनके सुखमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं और आशीर्वाद परिजनों, विवाह आयोजन समितियों और उपस्थित अतिथियों ने उपहार भेंट कर दिया।

**रायपुर।** यह राज्य स्तरीय दिव्यांग युवक-युवती सामूहिक विवाह का आयोजन अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत, रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच, कान्यकुब्ज सभा व शिक्षा मंडल एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आशीर्वाद भवन के प्रांगण में किया गया। शादी समारोह भव्य विवाह मंडप में सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ, जो शाम 4 बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम में धार्मिक परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह कराए गए। इन विवाहित जोड़ों को मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने संस्था द्वारा दिए गए 50000 रुपए की सामग्री एवं प्रत्येक जोड़े को एक विशेष उपहार अलग से प्रदान किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के संयोजक वीरेंद्र पांडे, छत्तीसगढ़ प्रांत विकलांग चेतना परिषद के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल एवं कार्यक्रम सह संयोजक अनुराधा दुबे ने बताया कि लगातार 16वीं बार आयोजित सामूहिक विवाह में 22 जोड़ों का विवाह कराया गया।



### जातीय बंधन को तोड़ जीवन भर साथ निभाने का वचन

जीवन की सुखद डगर में कुछ जोड़ों ने जातीय बंधन को तोड़कर एक-दूसरे का दामन थामा और जीवन भर साथ निभाने का वचन लिया। इसमें प्रयागराज उत्तर प्रदेश के मोनू नाई और भाटापारा की सरस्वती चक्रधारी, अभनपुर की अध्यापक विकास सिंग नेताम और कांकेर चारामा की मनीष गोटा, बलरामपुर की राजकुमारी और सूरजपुर की प्रदीप कोडाकु ने शादी कर अपना लिया। इन लोगों ने हंसी-सुखी एक-दूसरे को जयमाला पहना कर सात फेरे की रस्म पूरी की।

### वैदिक रीति-रिवाजों व परंपरा के साथ विवाह बंधन में बंधे

विवाह में आर्य समाज के छत्तीसगढ़ प्रमुख आचार्य जगबंधु द्वारा अपने 25 सह आचार्य के सहित वैदिक रीति-रिवाजों व पूरे पारंपरिक परिधान में सजे दिव्यांग युवक-युवतियों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। विवाह बंधन में बंधने के बाद वर-वधुओं ने सात फेर लेकर जीवन में एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ निभाने का वचन लिया।





### हाई एजुकेशन और नौकरी पेशा भी

रसेडा बलौदा बाजार निवासी कौशल्या साहू एमएससी और डीएड की पढ़ाई पूरी कर चुकी है। उन्होंने प्राइवेट जॉब करने वाले कंप्यूटर एजुकेशन किए रामखेलावन साहू बिलाईगढ़ के साथ विवाह बंधन में बंधे। वहीं, बलौदाबाजार के ललित कुर्रे (जो स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ हैं) ने मुंगेली के गोंमती गेंदले से सात फेरे लिए। इसके साथ ही बलौदाबाजार के अविनाश कुमार प्राइवेट नौकरी करते हैं, उसने दोनों पैर से विकलांग कसडोल की सुमित्र साहू को जीवन साथी बनाकर एक मिसाल कायम की है।

### जीवन साथी पाकर आंखों में छलकीं खुशियां

विवाह कार्यक्रम में वह पल भी आया, जब दुल्हन बनी बेटी की आंखों से खुशी और माता-पिता से वियोग के भाव आंसू बनकर छलक उठे। कन्यादान के समय पिता भी आंखों से आंसू रोक नहीं पाए। मां, भाई और परिजनों की आंखें भर आईं, पर ये खुशी के आंसू रहे कि उनकी बेटी को उनका नया घर-संसार मिल गया।

### आशीर्वाद दीर्घा में इनकी रही उपस्थिति

समारोह में डॉ. विनय पाठक राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विकलांग चेतना परिषद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा के अलावा कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र पांडे कान्यकुब्ज सभा एवं शिक्षा मंडल के सचिव राजेश दीक्षित, विकलांग चेतना परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष सत्येन्द्र अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री संतोष तिवारी, राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल, कार्यक्रम के सहसंयोजक एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुराधा दुबे, सीनियर सिटीजन के अध्यक्ष प्रकाश सुराधनवार, मारवाड़ी युवा मंच के सचिव त्रिपद जैन उपस्थित रहे।

## प्रभु के स्वभाव को जान लिया तो जीवन में दिखाई देगा परिवर्तन

**रायपुर।** हम मंदिर में प्रभु का सिर्फ दर्शन करने के लिए जाते हैं। लेकिन, उन्हें पाने के लिए जो पुरुषार्थ चाहिए, उसके लिए अपने जीवन में भगवान श्रीराम को बसाना होगा। कथा श्रवण के लिए जहां भी जाते हैं, वहां एक जिज्ञासा रहती है कि प्रभु को कैसे प्राप्त करें और उन्हें कैसे अपना बना लें। आत्मचिंतन के जिस मार्ग पर हम चल रहे हैं, उसमें देखें कि हमारी भक्ति साधना कहां तक पहुंची है। हमारे पास जो सूक्ष्म नेत्र हैं, जिससे हम संसार को देख रहे हैं। यह नेत्र ईश्वर को देखने के लिए श्रेष्ठ हैं या नहीं, इसका चिंतन भी करना चाहिए। उनके दर्शन के लिए विशेष ब्रम्ह मार्ग की आवश्यकता होगी। अगर हमने अपने सूक्ष्म नेत्रों से प्रभु को देख लिया तो समझ लें, उनसे परिचय हो गया। सिंधु भवन शंकर नगर में आयोजित श्रीराम कथा में मानस मर्मज्ञ दीदी मां मंदाकिनी ने व्यासपीठ से यह बात श्रोताओं से रविवार की कथा में कही।

### कुछ समय प्रभु के लिए भी जरूर निकालें



जिस दिन हमें प्रभु के स्वभाव को जानने का अवसर मिल गया, उस दिन हम निश्चित रूप से प्रभुमयी हो जाएंगे। भक्ति रस में ऐसे डूब जाएंगे कि कोई संदेह नहीं होगा। यह भगवान शंकर का दावा है कि बचपन में भगवान श्रीराम का उन्होंने दर्शन किया, तब से उनके भक्त हो गए और बाद में हनुमान का अवतार लेकर पूरे समय श्रीराम की सेवा की। कथा प्रसंग में आगे बताया कि भौतिक जीवन में हम सब के पास कुछ न कुछ काम हैं, लेकिन कुछ समय तो प्रभु के लिए निकालें। यदि अभी तक मानस को अपने जीवन में स्थान नहीं दिया तो दे करके देखिए। रामचरित मानस की एक चौपाई भी सुबह पढ़ना शुरू करें, इससे जीवन में होने वाले परिवर्तन को स्वंय महूसस करेंगे।

### माता सीता को घेर लिया और कई सवाल किए

इस भाव से रामकिंकर महाराज ने मानस के एक ग्रंथ से 100 ग्रंथों का निर्माण किया है कि जनमानस आसानी और सरल तरीके से उसे समझ सकें। उन्होंने बताया कि प्रभु सच्चा प्रेम करने वाले भक्तों की जरूर सुनते हैं। जब 14 वर्ष वनवास के दौरान माता सीता एक गांव में प्रभु के साथ पहुंची तो वहां की किशोरियों ने माता सीता को घेर लिया और सवालों की झड़ी लगा दी। आप लोग अपना परिचय दें, माता सीता ने सबसे पहले लक्ष्मण का परिचय देते हुए बताया कि यह मेरे देवर है। जब राम का परिचय देने की बारी आई तो सीता ने साड़ी का पल्लू ठीक किया और सिर को ढकने के बाद परिचय दिया।

## 108 महिला शक्तियों के साथ 51 संस्थाओं का किया सम्मान



**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 108 महिलाओं सहित समाज को नई दिशा देने वाली 51 सामाजिक संस्था प्रमुखों का सम्मान किया गया। सरोकार से जुड़ी संस्था लाहोटी मित्र मंडल की ओर से 13वें वर्ष किए गए आयोजन में प्रदेश के अलग-अलग शहरों में काम करने वाली संस्थाओं ने भाग लिया। संस्था की ओर से अभी तक 1404 महिलाओं का सम्मान किया जा चुका है। आयोजन की खास बात यह रही कि जैसे- जैसे, एक-एक महिला सम्मान के लिए मंच पर आ रही थी, उसी क्रम में उनकी उपलब्धियों को देखकर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हाल गुंजायमान होता गया।

### प्रत्येक को सम्मान स्वरूप दिए 18 उपहार

संस्था के संस्थापक लक्ष्मीनारायण लाहोटी एवं मीडिया प्रभारी चेतन चंदेल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आईं 108 नारी शक्तियों को खेल, कला, संगीत, साहित्य, चिकित्सा, शिक्षा, वीरता, धार्मिक व रचनात्मक सहित समाजोत्थान की दिशा में उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र, श्रीफल, दुपट्टा, मोतीमाला, पगड़ी, गजरा, ग्लब्स, चांदी पत्रक लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, हनुमान चालीसा जैसे 18 उपहार प्रत्येक को भेंट दी गई। इसमें अतिथि के रूप में डॉ. राजश्री देवांगन, वंदना पांडे, दीपिका वैष्णव, राजेश बरलोटा, जीत देवांगन, हीरानंद दुल्हनी और राजेश अग्रवाल मंचस्थ रहे। उन्होंने आयोजन में शामिल नारी शक्ति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



जिंदगी ना मिलेगी दोबारा ने किया सशक्त महिला प्रतिभाओं का सम्मान

# राधा-कृष्ण की झांकी और फूलों से सेलिब्रेट की होली

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ज़िन्दगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था द्वारा एक भव्य कार्यक्रम एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला प्रतिभाओं को सम्मानित कर संस्था ने नारी शक्ति को सलाम किया। मुख्य अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग) ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।



### इन महिला शक्तियों का हुआ सम्मान

सम्मान समारोह में पर्यावरण संरक्षण के लिए शुभांगी आप्टे, विधिक सेवा के क्षेत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता जूही मरोठिया, शिक्षा के क्षेत्र में शिखा शर्मा को अलंकृत किया गया। समाज सेवा के लिए मंजू संत एवं सुषमा पटनायक, कुटीर उद्योग एवं स्वरोजगार के लिए महिलाओं को प्रेरित करने के लिए मनीषा सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### महिलाओं ने होली गीतों से सजाई महफिल, अबीर गुलाल उड़ा बिखेरा खुशियों का रंग



सरयूपारीण ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़ द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समाज की महिलाओं ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। वहीं, होली गीतों से महफिल सजाई। दूसरी ओर समाज के पुरुष वर्ग ने नगाड़ा की धुन पर फाग गीतों पर जमकर धूम मचाया। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश शुक्ला (अध्यक्ष सरयूपारीण ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़) ने बताया कि पूर्व घोषणानुसार रविवार को समाज के भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कुल पुरुष बाबा तुलसीदास जी की पूजा-अर्चना प्रकाश शर्मा (पूर्व अध्यक्ष प्रेस क्लब) की। उन्होंने प्रतिमा में गुलाल लगा कर होली का रस्म निभाया। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। मातृ शक्ति ने भी अधिक संख्या में उपस्थित होकर एक- दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दीं। युवाओं के द्वारा नगाड़ा की धुन में जोरदार डांस कर समां बांधा। कुछ वरिष्ठों ने परंपराओं के अनुसार ढोलक के थाम पर धार्मिक गीत-भजन की शानदार प्रस्तुति से रंग जमाया।

### स्कूल में बच्चों ने खेली फूलों से होली



रोहिणीपुरम स्थित शिवाजी इंग्लिश स्कूल में होली के अवसर पर फूलों की होली का विशेष आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। रंगों के इस पर्व को प्रकृति के अनुकूल मनाया। कार्यक्रम का संचालन शाला की प्राचार्य शीरीन जोशी ने किया। इस दौरान बच्चों ने एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा करते हुए पर्व की खुशियां साझा की। कई बच्चे अपने घरों से भी होली के लिए फूल लेकर आए थे। रंग-बिरंगे फूलों की पंखुड़ियों के बीच बच्चों की मुस्कान और उल्लास ने परिसर को उत्सवमय बनाया। शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बीएसपी विरुद्ध जांजगीर चांपा का मैच ड्रॉ, वासुदेव ने लिए 4 विकेट



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर-23 कर्नल सी के नायुडु ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 16 अक्टुबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का सेमीफाइनल मैच (1 मार्च से 4 मार्च) शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में तमिलनाडु अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन तमिलनाडु अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 80 ओवरों में 8 विकेट खोकर 272 रन बना लिये हैं। तमिलनाडु की शुरूआत अच्छी नहीं रही, उनके पहले पांच बल्लेबाज केवल 73 रन ही बना पाए। परंतु उसके बाद मोहम्मद अली तथा आर के जयंत ने छठवें विकेट के लिये 114 रनों की साझेदारी कर पारी को संभाला। तमिलनाडु के लिये मोहम्मद अली ने नाबाद 136 रन बनाये। उनके अतिरिक्त आर के जयंत ने 50 रन तथा माधव प्रसाद ने 32 रनों का योगदान दिया ।

छत्तीसगढ़ के गेंदबाजो ने शानदार शुरूआत की तथा जल्द ही तमिलनाडु के 5 बल्लेबाज पवेलियन भेज दिये। वासुदेव बरेथ ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 4 विकेट लिए। देव आदित्य सिंह ने 2 विकेट, प्रशांत सांई पैकरा तथा वरुण सिंह भुई ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। पहले दिन की समाप्ति तक तमिलनाडु ने 8 विकेट खोकर 272 रन बना लिये है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के चौथे एवं अंतिम दिन शानदार मुकाबले हुए।

दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम बीएसपी विरुद्ध जांजगीर चांपा का मैच ड्रॉ रहा। बीएसपी की टीम ने पहली पारी के बढत के आधार पर तीन अंक प्राप्त किए। जांजगीर चांपा को एक अंक मिला। बल्लेबाजी में बीएसपी ने दूसरी पारी अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 47 रन से आगे खेलते हुए चार विकेट पर 182 रन बनाकर पारी घोषित की। वैभव साहू ने नॉट आउट 51 रन, सत्य विकास शर्मा ने नॉट आउट 33 रन, संगीत सोनी ने 45 रन, नितांत सिंह ने 20 रन एवं शुभम मौर्य ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी में जांजगीर चांपा के मोहम्मद शाहनवाज हुसैन ने दो, शाबान खान और लब्यम राजपूत ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में जांजगीर चांपा ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 188 रन बनाए। कप्तान शाहबान खान ने नॉट आउट 101 रन और सुधांशु तिवारी ने 78 रन बनाए। गेंदबाजी में बीएसपी जीवेश बुट्टे ,भविष्य थपियाल एवं कार्तिक नायडू ने एक-एक विकेट लिए।



### चीफ मिनिस्टर शतरंज चैंपियनशिप 16 से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वाधान तथा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में चीफ मिनिस्टर छत्तीसगढ़ ट्रॉफी 45 वीं पुरुष एवं 23वीं राष्ट्रीय महिला शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 16 मार्च से 22 मार्च तक राजधानी रायपुर में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया के नेतृत्व में प्रदेश शतरंज संघ के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य भेंट कर रायपुर अग्रसेन भवन धाम में होने वाली प्रतियोगिता की की जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री साव को चैंपियनशिप के संरक्षक के दायित्व हेतु आग्रह किया गया। जिसे श्री साव ने स्वीकार करते हुए अपनी सहमति प्रदान की। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप में देश के 24 राज्यों एवं 8 संस्थागत इकाईयों से 450 पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है। चैंपियनशिप में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अनेकों ग्रैंड मास्टर, वूमेन ग्रैंड मास्टर, इंटरनेशनल मास्टर, वूमेन इंटरनेशनल मास्टर जैसे खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

श्री सिंघानिया ने आयोजन को छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों के लिए सुनहरा अवसर बताते हुए कहा कि इससे खिलाड़ी काफी लाभान्वित होंगे. राघवेन्द्र सिंघानिया के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव ईश्वर सिंह राजपूत, कार्यकारिणी सदस्य दीपांकर सेन गुप्ता, इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी, सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा शामिल थे।

## डॉक्टरों ने बताया मोटापा कम करने का असरदार तरीका

# भारतीय ज्यादा हो रहे मोटापे के शिकार, 'ओबेसिटी जीन' पर अटैक करके जीत सकते हैं अपनी जंग

हैदराबाद के एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के एक अध्यन में पाया गया है कि भारतीयों में मोटापे की जेनेटिक संभावना ज्यादा होती है, लेकिन हेल्दी लाइफस्टाइल बनाए रखने से यह खतरा काफी कम हो सकता है। दुनिया भर में मोटापे की समस्या से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाने और उपयोगी समाधानों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर 4 मार्च को वर्ल्ड ओबेसिटी डे मनाया जाता है। मोटापा एक गंभीर खतरा है और ये खतरा समय के साथ बढ़ता ही जा रहा है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी अधिक वजन और मोटापे के कारण होने वाली चुनौतियों का सामना कर रहे हैं अध्ययनों से पता चलता है कि शहरीकरण, बदलती जीवनशैली, प्रोसेस्ड फूड्स का बढ़ता सेवन और इसकी तुलना में शारीरिक गतिविधियों में कमी के चलते लोगों में मोटापे का जोखिम तेजी से बढ़ता जा रहा है।

बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 25 से अधिक होने को ओवरवेट और 30 से अधिक होने पर मोटापा माना जाता है। भारत में हालिया राष्ट्रीय सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि वयस्कों में मोटापे की दर पिछले एक दशक में लगातार बढ़ी है। इसके कारण



क्रॉनिक बीमारियां भी बढ़ी हैं जिस वजह से स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव भी लगातार बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट बताती है कि साल 2022 में दुनिया में हर 8 में से 1 व्यक्ति मोटापे से जूझ रहा था। ये खतरा साल-दर-साल बढ़ता ही जा रहा है। भारतीय आबादी में बढ़ती इस समस्या को लेकर विशेषज्ञों ने अलर्ट किया है।

### भारत में मोटापे का बढ़ता खतरा

हैदराबाद के एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के विशेषज्ञों ने भारत में बढ़ते मोटापे की समस्या को समझने के लिए एक अध्ययन किया। इसके आधार पर विशेषज्ञों की टीम ने बताया है कि भारतीयों में मोटापे की जेनेटिक आशंका ज्यादा होती है। इसका मतलब कि जन्म से पहले ही व्यक्ति को कुछ खास जीन विरासत में मिल जाते हैं जो उनमें मोटापे के खतरे को बढ़ाने वाले हो सकते हैं। इस खतरे को कम करने के लिए विशेषज्ञों ने मोटापे की जड़ पर वार करने वाले तरीके के बारे में बताया है। अधिक वजन और मोटापे के लिए 40-70% भूमिका आनुवांशिक कारकों और जीन की हो सकती है। जीन के साथ खाने-



पीने की आदतें और लाइफस्टाइल जैसे फैक्टर भी मिलकर वजन बढ़ाते हैं।

### अधिक वजन-मोटापे को लेकर डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट

मोटापे की जड़ पर कैसे अटैक किया जाए, इसको लेकर विशेषज्ञों के सुझाव जानने से पहले डब्ल्यूएचओ के उन आंकड़ों पर नजर डाल लेना जरूरी है जो दुनियाभर में बढ़ती इस समस्या की डरावनी छवि प्रस्तुत



करता है। दुनिया भर में वयस्कों में मोटापा साल 1990 के बाद से दोगुने से ज्यादा हो गया है। किशोरों का मोटापा चार गुना बढ़ गया है। साल 2022 में, 18 साल और उससे अधिक उम्र के 2.5 बिलियन (250 करोड़) वयस्क अधिक वजन वाले थे। इनमें से 89 करोड़ मोटापे से जूझ रहे थे। साल 2022 में 5-19 साल की उम्र के 3.9 करोड़ से ज्यादा बच्चे और किशोर अधिक वजन वाले थे, जिनमें 1.6 करोड़ मोटापे से जूझ रहे थे। साल 2024 में 5 साल से कम उम्र के 35 मिलियन (3.5 करोड़) बच्चे ज्यादा वजन वाले थे।

### मोटापे के जेनेटिक खतरे को कैसे कम करें?

मोटापे के खतरे से निपटने और इसकी जड़ पर वार करने के लिए एआईजी के विशेषज्ञों ने बताया कि अगर हम सभी कम उम्र से ही हेल्दी लाइफस्टाइल पर ध्यान दे लेते हैं तो इससे मोटापे के जेनेटिक खतरों को भी कम किया जा सकता है।

# तीरंदाजों ने लगाया अचूक निशाना



**रायपुर।** महान धनुर्धर गुरु गोविन्द सिंघ की याद में 15 वीं मिनी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता में 15 जिले से 150 तीरंदाज कोच मैनेजर शामिल हुए।

- मिनी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

प्रतियोगिता में धर्म जागरण मंच के राष्ट्रीय प्रमुख राजेंद्र और राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त कथा वाचक हिमांशु महाराज विशेष रूप से उपस्थित थे। आज की प्रतियोगिता में विजयी हुए तीरंदाज गुंटूर में 26 मार्च से 7 अप्रैल तक आयोजित 15 वीं मिनी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता भाग लेंगे। रायपुर में हुई प्रतियोगिता में अंडर 10





के 40 तीरंदाज ने अपना भव्य प्रदर्शन किया और चार बालक, चार बालिक राष्ट्रीय स्तर पर चुने गए। इसी तरह अंडर-13 और अंडर-15 के तीरंदाज ने उम्दा प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, प्रमुख कोच, तीरंदाजी संघ के महासचिव आयुष मुरारका, सुरजीत छाबड़ा और प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# राजधानी के जमशेद बनें क्रिकेट के राष्ट्रीय कोच



**रायपुर।** युवा कोच जमशेद अख्तर को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अंतर्गत नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स पटियाला (एनआईएस), पंजाब द्वारा राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट कोच की उपाधि प्रदान की गई है। जमशेद अख्तर ने क्रिकेट कोचिंग कोर्स की लिखित, प्रायोगिक, शारीरिक एवं मौखिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए A-ग्रेड प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतिष्ठित परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। उन्हें यह प्रमाण-पत्र एन.आई.एस. के वरिष्ठ क्रिकेट प्रशिक्षक मोहिंदर सिंह बेदी द्वारा प्रदान किया गया। टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी ने अपने (प्रशिक्षक कौसल विकास) के लिए जमशेद अख्तर को इस प्रशिक्षण के लिए इस कोर्स के लिए भेजा था, जिससे कोच जमशेद राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य और जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का कोचिंग प्रदान करे और छत्तीसगढ़ क्रिकेट के स्तर क्रो और बेहतर बनाने मे मुख्य भूमिका निभा सके। वर्तमान में जमशेद अख्तर, टर्मिनेटर एकेडमी में बतौर कोच के साथ एकेडमी प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं और प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों को पेशेवर एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट के लिए तैयार कर रहे हैं। जमशेद अख्तर ने यह सफलता एकेडमी के संचालक एवं डायरेक्टर एन.आई.एस.क्रिकेट कोच डॉ. शबाब कुरैशी के विशेष मार्गदर्शन में प्राप्त की। जमशेद अख्तर ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अपने माता-पिता,समस्त खेल प्रेमी नागरिकों के साथ एन.आई.एस पटियाला पंजाब के पूर्व हेड कोच नविन शर्मा, कोच डॉ.शबाब कुरैशी और कोच इशाक खान क्रो धन्यवाद दिया।



# आपके मस्तिष्क को भी है जिम की जरूरत, उठाएं जरूरी कदम

सेहतमंद रहने के लिए हमें एक्सरसाइज की जरूरत पड़ती है। इसके लिए घंटो हम जिम में पसीने बहाते हैं। एक्सरसाइज करने से फिजिकल स्ट्रैंथ बढ़ता है और भी कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है। लेकिन क्या आपको मालूम है कि हमारे मस्तिष्क को भी जिम की जरूरत होती है? जी हां ब्रेन हेल्थ को बूस्ट करने के लिए ब्रेन जिम एक्सरसाइज की जरूरत होती है।आईए जानते हैं क्या होती है यह ब्रेन जिम एक्सरसाइज

### क्या होती है ब्रेन जिम?

हड्डियों को मजबूती देने और मांसपेशियों को टोन करने के लिए जिस तरह से हमें एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ठीक उसी प्रकार से ब्रेन के न्यूरॉन को एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ब्रेन एक्सरसाइज करने से न्यूरॉन को एक्टिवेट किया जाता है। ब्रेन में ब्लड का सर्कुलेशन सही होता है इससे तनाव, एंजायटी, डिप्रेशन और भी कई तरह की मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। इससे पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है । आइए जानते हैं कब पड़ती है ब्रेन जिम की जरूरत और यह कैसे किया जाता है।




### ब्रेन जिम की जरूरत कब पड़ती है?

छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा जाना, अकेले रहने का दिल करना, फोकस करने में दिक्कत आना,किसी नई चीज को समझने में दिक्कत महसूस करना किसी नए व्यक्ति से बातचीत करने से कतरना डिमेंशिया और अल्जाइमर से पीड़ित होना।


### कैसे करें ब्रेन जिम?

ब्रेन जिम करने के लिए आपको ब्रेन से कुछ भी करने की जरूरत नहीं होती है। इसमें शरीर का इस्तेमाल होता है आप इसके लिए क्रॉस क्रॉल कर सकते हैं। अपने पैरों को थोड़ा दूर करके सीधे खड़े हो जाएं। अपने कंधों को पीछे की ओर खींचे और छाती को बाहर निकालने की कोशिश करें। अब सीधे देखते हुए अपने दाएं हाथ को सिर के ऊपर उठाएं। अब अपने बाएं पैर को जमीन से ऊपर उठें और बाएं घुटने को दाएं कोहनी से मिलाने की कोशिश करें। ऐसे ही अब अपनी बाएं कोहनी को मोड़ ले और उसे दाएं घुटनों के साथ टच करने की कोशिश करें।



## दक्षिण मुखी मकानों को माना जाता है अशुभ निर्माण से पहले जानिए वास्तु के नियमों को

वास्तु में सभी दिशाओं का अलग महत्व है और हर दिशा किसी न किसी स्थान के लिए उपयुक्त मानी जाती है। जब घर के मुख्य द्वार की बात आती है तो इसके लिए भी कुछ शुभ दिशाएं हैं। हमारे मन में घर के मुख्य द्वार को लेकर कई सवाल उठते हैं और ऐसा कहा जाता है कि अगर वास्तु के अनुसार आप अपने घर में चीजों का निर्धारण करते हैं और मुख्य द्वार को सजाते हैं तो घर में हमेशा समृद्धि बनी रहती है। इसी वजह से वास्तु आपको घर का मुख्य द्वार उत्तर या पूर्व दिशा की तरफ रखने की सलाह देता है। वहीं कुछ ऐसी दिशाएं भी हैं जिनकी तरफ मुख वाला घर वास्तु में शुभ नहीं माना जाता है और इस दिशा में घर न बनाने की सलाह भी दी जाती है। वास्तुकला और ज्योतिष में ऐसी ही एक मान्यता घर की दिशा से संबंधित है। जबकि घर खरीदते या बनाते समय हम कई अन्य बातों का भी ध्यान रखते हैं।












## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एक्स बॉयफ्रेंड से मिलने ब्लैकपिंक की रोज बन जाती थीं बूढ़ी दादी

के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोज ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को



उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। ये किस्सा उन्होंने एक पॉडकास्ट पर खुद सुनाया।

रोज ने एलेक्स कूपर के पॉडकास्ट 'कॉल हर डैडी' पर बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक विग खरीदी। एक काली घुंघराली विग, छोटी सी। मैंने गौर करना शुरू किया कि बुजुर्ग महिलाएं सड़क पर कैसे कपड़े पहनती हैं। मैं सोचती थी- ठीक है, वे इस तरह की स्कर्ट, इस तरह के जूते, इस तरह का बैग पहनती हैं। मैं उनकी स्टडी करती और फिर उसे ऑर्डर करती और फिर वैसे ही कपड़े पहना करती।' सिंगर ने ये भी बताया कि ये वेश बदलना पब्लिक जगहों पर घूमने या रेस्टोरेंट में डेट पर जाने के लिए नहीं थे, बल्कि पहचान छिपाकर एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए हुआ करते थे। रोज़े के मुताबिक, वो शायद ही कभी साथ में बाहर निकले थे।

### टॉलीवुड

## 2 मार्च को आएगा 'टॉक्सिक' का पहला गाना, रिलीज हुआ पहला रोमांटिक पोस्टर

निर्देशक गीतू मोहनदास की फिल्म 'टॉक्सिक' का एक नया पोस्टर जारी किया गया है। जो कि फिल्म के पहले गाने 'तबाही' की खास झलक दिखाता है। कन्नड़ एक्टर



यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने आज फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। जिसमें यश नजर रहे हैं, लेकिन अभिनेत्री का चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा है। दरअसल, यह पोस्टर फिल्म के पहले गाने 'तबाही' का है।

'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म का एक रोमांटिक पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में यश समंदर किनारे चलते नजर आ रहे हैं और उनकी गोद में एक लड़की है, जिसका चेहरा साफ दिखाई नहीं दे रहा है। इस पोस्टर को कियारा आडवाणी ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, तो हो सकता है कि यश के साथ इस पोस्टर में कियारा हों।

फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर 'टॉक्सिक' के रोमांटिक पोस्टर को जारी किया है। इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'एक विषैली दुनिया और सुरक्षित...'। इस नए पोस्टर के साथ बताया कि फिल्म का पहला गाना 'तबाही' 2 मार्च को रिलीज होगा। इस पोस्ट पर सिंगर विशाल मिश्रा ने लिखा, 'कैसे हुआ तो....।' 'टॉक्सिक' गीतु मोहनदास द्वारा निर्देशित एक आगामी भारतीय पीरियड गैंगस्टर फिल्म है। इसमें यश दोहरी भूमिका में हैं। फिल्म में यश के अलावा कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत जैसी अभिनेत्रियां हैं। यह फिल्म 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिस दिन रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## माही -गोल्डी की सुपरहिट जोड़ी का नया धमाका, 'राजा हमार दुनिया हवे' रिलीज

भोजपुरी संगीत प्रेमियों के लिए खुशखबरी! । सिंगर गोल्डी यादव और एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव की पॉपुलर ऑनस्क्रीन जोड़ी ने एक बार फिर फैंस का दिल जीत



लिया है। उनका नया रोमांटिक लोकगीत 'राजा हमार दुनिया हवे' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुका है। रिलीज होते ही यह गाना तेजी से वायरल हो रहा है और दर्शकों की तारीफ बटोर रहा है। इस गाने में गोल्डी यादव ने अपनी मीठी और मधुर आवाज से जान फूंकी है, जबकि वीडियो में भोजपुरी की खूबसूरत एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव अपनी दिलकश अदाओं और शानदार डांस से स्क्रीन पर छाई हुई हैं। गाने की थीम पति-पत्नी के बीच गहरा प्यार और समर्पण है, जो बेहद मजेदार और रिलेटेबल तरीके से पेश की गई है। वीडियो की कहानी में दिखाया गया है कि माही का ऑनस्क्रीन पति घरवालों से छुपाकर गुलाब जामुन की मिठाई लाता है और बड़े प्यार से अपनी पत्नी को खिलाता है। इससे खुश होकर माही अपनी सहेलियों के सामने पति की जमकर तारीफ करती हैं। गाने के बोल कुछ इस तरह हैं, 'गोरे गोरे मरदा पसंद नहीं है, दूसरे को देखने का मन नहीं है, कसहु बजाइले ऊ त हारमोनिया हवें, करिया जमुनिया हवें, राजा हमार दुनिया हवें, मीठा मीठा बुनिया हवें, राजा हमार दुनिया हवें' इस भोजपुरी लोकगीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गाने को गोल्डी यादव ने अपनी सुरीली आवाज दी है, जबकि लीड रोल में माही श्रीवास्तव नजर आ रही हैं। गीतकार गौतम राय (काला नाग) ने बोल लिखे हैं और संगीत विक्की वॉक्स का है।




2026 में युवाओं का फैशन मूड मैक्सिमम सेल्फ-एक्सप्रेशन, टेक्नोलॉजिकल इंटीग्रेशन और आराम से चलने वाली प्रैक्टिकैलिटी के मेल से तय हो रहा है। पिछले सालों की ₹शांत लग्ज़रीₑ से हटकर, जेन जी बोल्ड रंगों, पुरानी यादों और अक्सर अस्त-व्यस्त स्टाइलिंग को अपना रहा है, जो एक जैसा होने के बजाय अपनी पहचान को ज़्यादा अहमियत देता है।

## 45 की उम्र में हो सकते हैं कमर तक लंबे बाल

उम्र के बढ़ते पड़ाव पर लगाम कसना मुश्किल है, मर उम्र के साथ ही बालों की ग्रोथ रुक जाए तो एक्सपर्ट के यह नुस्खे आपके बड़े काम आएंगे। उम्र कोई भी हो हम महिलाओं में लंबे बालों का क्रेज हमेशा ही रहता है, मगर उम्र बढ़ने के साथ क्रेज तो कम नहीं होता है लेकिन बालों की ग्रोथ जरूर रुक जाती है। ऐसा क्यों होता है, इस बारे में आपने कभी सोचा है? हमने इस विषय पर डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर अमित बांगिया से बात की है। वह कहते हैं, 'जैसे ही महिलाएं 40 की उम्र में प्रवेश करती हैं, उनका रजोनिवृत्ति चरण शुरू हो जाता है। शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन का स्तर कम हो जाता है, जिससे बाल पतले होने लगते हैं। इसके परिणामस्वरूप बालों की ग्रोथ भी रुक जाती है और स्कैल्प पर बालों का उगना भी कम हो जाता है।'इसके बावजूद आप यदि अपने बालों का थोड़ा ध्यान रखेंगी तो बालों की ग्रोथ पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और बालों की लंबाई भी अच्छी हो जाएगी। हमनें डॉक्टर अमित से कुछ ऐसे नुस्खे पूछे हैं, जो आपके बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छे साबित हो सकते हैं।



### बालों की ग्रोथ बढ़ाने वाले नुस्खे

बालों के लिए बहुत जरूरी है कि वह हाइड्रेटेड रहें। इसके लिए आपको दिनभर में 8 से 10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। पानी के अलावा आपको फलों का रस और सब्जियों का सूप भी घर पर बना कर पीना चाहिए। इतना ही नहीं, स्कैल्प को ड्राई होने से बचाने के लिए आपको नारियल पानी से बालों को वॉश करना चहिए। यह काम आप हफ्ते में एक बार जरूर करें और इससे स्कैल्प की मसाज करें। इस बात का ध्यान रखें कि आपको सुबह या दोपहर के समय ही बालों को नारियल पानी से वॉश करना चाहिए। नारियल पानी ठंडा होता है, इससे आपको सर्दी-खांसी की शिकायत हो सकती है।

गुड़हल के फूल के पत्तों को पानी में उबाल लें और फिर इस पानी से बालों को वॉश करें। आपको बता दें कि इस पानी में बहुत प्रोटीन होता है और बालों के लिए प्रोटीन सबसे आवश्यकत तत्व है क्योंकि इससे आपके बालों न केवल ग्रोथ अच्छी होगी बल्कि आपके बालों में मजबूती भी आएगी। आप गुड़हल के फूल का तेल या फिर हेयर पैक भी घर पर बना कर बालों में लगा सकती हैं।

## चिकनकारी कुर्ती को सेलिब्रिटी की तरह ऐसे करिए स्टाइल



चिकनकारी की कुर्ती जितनी एलिगेंट लगती है उतना ही आसान है उसे स्टाइल करना। आज हम आपको उनसे जुड़ी हुई कुछ स्टाइलिंग टिप्स बताएंगे जिन्हें सेलिब्रिटीज भी फॉलो करते हैं। क्या आपने नोटिस किया है कि इन दिनों कई बॉलीवुड सेलेब्स अपने एयरपोर्ट लुक में चिकनकारी को शामिल कर चुके हैं। फुल चिकनकारी सेट के साथ-साथ चिकनकारी का दुपट्टा, पलाजो, और जीन्स के ऊपर पहनी जाने वाली कुर्ती भी आजकल ट्रेंड में है। लखनऊ की फेमस चिकनकारी सही मायने में लगती तो रॉयल है। अलग-अलग रंगों में अलग डिजाइन्स और कंफर्टेबल कपड़ा चिकनकारी को और भी अच्छा बना देता है। चिकनकारी आउटफिट्स ग्रेसफुल भी लगते हैं और कंफर्टेबल भी होते हैं। पर अधिकतर लोगों को इन्हें स्टाइल और मेंटेन करने में समस्या महसूस होती है। आपके पास भी अगर चिकनकारी की





कुर्ती या कोई आउटफिट रखा है, तो उसे कैसे स्टाइल करना है इस पर एक्सपर्ट सुमित अरोड़ा दे रहे हैं जानकारी। सुमित लंबे समय से फैशन इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैं और एथनिक कपड़ों के स्टाइलिंग एक्सपर्ट भी हैं।

### चिकनकारी टॉप के लिए स्टाइलिंग टिप्स

चिकनकारी टॉप ऑफिस आउटफिट के साथ कैजुअल आउटिंग के लिए भी अच्छे लग सकते हैं। इनमें A लाइन से ज्यादा ट्यूनिक टॉप आते हैं। स्प्रिंग और समर वॉर्डरोब के लिए ये टॉप बहुत एलिगेंट लग सकते हैं।

### स्टाइलिंग टिप

इन्हें लोग अधिकतर डेनिम के साथ पहनना पसंद करते हैं, लेकिन अगर आप कंफर्ट चाहें, तो इन्हें किसी लाइट रंग की फॉर्मल पैंट के साथ पेयर करने की कोशिश करें। हां, टॉप ढीला है, तो पैंट बहुत लूज ना रखें वर्ना लुक खराब लगेगा। आप इन्हें व्हाइट पैंट्स के साथ भी ट्राई कर सकती हैं।

### चिकनकारी स्ट्रेट कुर्ती के लिए स्टाइलिंग टिप्स

आपके वॉर्डरोब में अगर एक अच्छी चिकनकारी की कुर्ती रखी हुई है जिसे आप लेगिंग्स के साथ पेयर करती हैं, तो रुक जाएं। चिकनकारी

## लाल, हरी और पीले रंग वाली चूड़ी सेट के ये नए डिजाइंस हैं खास

हाथों की शोभा बढ़ाने के लिए आप हथेली के आकार के हिसाब से चूड़ी के डिजाइन को चुनना चाहिए। आप चाहे तो इनका एक सेट भी बनाकर पहन सकते हैं। अपने लुक को खास बनाने के लिए हम कई तरीके की चूड़ी व कंगन को पहनते हैं। ज्यादातर हम ऐसा किसी ओकेजन में स्टाइलिश दिखने के लिए करते हैं। आजकल मार्केट में हाथों के आकार और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से आपको चूड़ी के सेट मिल जाएंगे।



### लाल रंग के चूड़ी सेट डिजाइन

लाल रंग की चूड़ी लगभग हर तरह के कलर कॉम्बिनेशन वाली आउटफिट क्र साथ पहन सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह की चूड़ी के साथ अलग-अलग तरह चौड़े साइज वाले कंगन पहन सकती हैं। इसके अलावा आप लाल रंग की चूड़ी के साथ 4 से 5 अलग कलर्स की पतली चूड़ी को मिलाकर सेट बना सकती हैं।

### पीले रंग के चूड़ी सेट डिजाइन

पीले रंग की चूड़ियां पहनना बेहद शुभ माना जाता है और इसमें आपकोप्लेन से लेकर बारीक नग में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। वहीं आप चाहे तो इन्हें भारी और फैंसी लुक देने इ लिए साथ में मीडियम या चौड़े साइज के पर्ल डिजाइन कंगन को पहन सकती हैं।

### हरे रंग की चूड़ी सेट डिजाइन

हरे रंग की चूड़ी में आपको डार्क से लेकर लाइट शेड में चूड़ियां देखने को मिल जाएंगी। वहीं इस तरह की चूड़ी के साथ आप गोल्डन कलर की शिमर या नग वाली चूड़ी के साथ मिलाकर अपनी आउटफिट के हिसाब से सेट बनाकर पहन सकती हैं।

## इनसे सीखिए सजना और संवरना

आज के समय में ये कौन नहीं चाहता कि उनकी त्वचा ग्लो करे और हमेशा चमकती रहे लेकिन दमकती त्वचा पाना आसान नहीं होता। इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। कुछ अभिनेत्रियों से आप यह टिप्स ले सकती हैं।

### प्रियंका चोपड़ा

अपनी खूबसूरती से विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बनाने वालीं प्रियंका चोपड़ा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो महंगे ट्रीटमेंट की बजाए घर में बने हुए एक फेसपैक का इस्तेमाल ज्यादा करती हैं।

### प्रियंका का फेसपैक

प्रियंका अपनी खूबसूरत त्वचा का निखार बरकरार रखने के लिए होल व्हीट फ्लोर, हल्दी, नींबू का रस, फुल क्रीम योगर्ट और रोज वाटर को अच्छे से मिलाकर पैक तैयार करती हैं। इस पैक को कुछ देर के लिए चेहरे पर लगाकर चेहरा साफ कर लेती हैं। इस पैक की मदद से उनकी त्वचा दमकती रहती है।

### दीपिका पादुकोण

दीपिका की खूबसूरती का दीवाना तो हर कोई है। अपनी खूबसूरत त्वचा के लिए वो बेसन, दही, मलाई का पैक



बनाकर चेहरे पर लगाती है। इसके इस्तेमाल ही उनकी त्वचा इतनी खिली-खिली रहती है।

### अनन्या पांडे

अनन्या पांडे का चेहरा हर वक्त ग्लो करता है। अपनी त्वचा को ग्लोइंग बनाने के लिए अनन्या 2 टेबलस्पून दही, हल्दी और हनी का पैक तैयार करती हैं। 15 मिनट के लिए इस पैक को चेहरे पर लगाकर धोने के बाद चेहरा खिल उठता है।

### कार्नर न्यूज

## कैजुअल कपड़े होते हैं आराम वाले, दोस्तों के साथ खूबसूरत यादें संजोइए इनकी भी

कैजुअल स्टाइल में भी कर सकते हैं अपग्रेड, ये तरीके आएंगे काम

कैजुअल कपड़ों को चुनने की बारी आती है तो हमें कुछ ऐसे ही काम याद आते हैं। फॉर्मल कपड़ों के बने बनाए नियमों को तोड़कर आपको आजादी से हर पल का मजा लेने का मौका देते हैं ये कैजुअल कपड़े। 'वर्क फ्रॉम होम' वाले दौर में फॉर्मल के मुकाबले कैजुअल कपड़े ज्यादा ही पहने जा रहे हैं। ऐसे में ये जरूरी है कि हम इन्हें पहनने के कुछ खास टिप्स जान लें। पहचान लें कि कैजुअल कपड़ों के बेस्ट कॉम्बिनेशन क्या हैं?

कैजुअल कपड़ों के रंग कैसे होने चाहिए?, कैजुअल ड्रेसिंग के लिए कौन-कौन सी बातें रखें याद? या पहले के मुकाबले अब कैजुअल ड्रेसिंग के नियम कैसे बदले हैं? जरूर आपके पास भी कुछ सवाल होंगे। ऐसे ही सवालों के जवाब देंगी फैशन डिजाइनर एंड कॉस्ट्यूम स्टाइलिस्ट अंजलि श्रीवास्तव। लेकिन इन्हें जानने से पहले इंटरनेट पर इससे जुड़ी सर्च कुछ इस तरह हो रही हैं-



### लेयरिंग करना सीख लीजिए

लेयरिंग फैशन का ऐसा फंडा है, जो ज्यादातर बार सही काम करता ही है। बॉडी बहुत ज्यादा हैवी (Heavy) है तो आप पर लेयरिंग खराब लग सकती है। मगर लेयरिंग को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत होती नहीं है। इसके लिए टी शर्ट के ऊपर शर्ट पहन लेना सबसे आसान तरीका होता है। डेनिम शर्ट के नीचे सफेद शर्ट पहन लेना भी अच्छा लगता है। जाड़े के मौसम में शर्ट के ऊपर पुलोवर भी पहना जा सकता है। बस पुलोवर और शर्ट की बाहें साथ मिलाकर फोल्ड करें। आप भी इसी तरह से लेयरिंग पहनकर अपने कैजुअल लुक को परफेक्ट बना सकते हैं।

### फिटिंग है जरूरी

आमतौर पर हम सभी लोग ऑफिस वाले फॉर्मल कपड़ों की ही फिटिंग का ध्यान रखते हैं। पैंट की कमर और पैटर्न जैसी चीजें अपने हिसाब से इसलिए चुनते हैं क्योंकि इनमें आपके बॉडी टाइप के हिसाब से फिटिंग मिल जाती है। जबकि कैजुअल ड्रेसिंग में अपने आराम को ही अहमियत देते हैं। आप भी यही करते हैं तो बिल्कुल गलत करते हैं। फिटिंग का ध्यान आपको फॉर्मल कपड़ों में भी रखना होगा। जैसे पैंट की हेम, क्रोच कम्फर्ट का ध्यान रखते हुए फिट होने ही चाहिए।

### शर्ट का अंदाज

बात फिटिंग की हो तो ज्यादातर पुरुष शर्ट अपने साइज की खरीद लेना ही जिम्मेदारी मानते हैं। जबकि शर्ट की फिटिंग भी जब तक सही नहीं होगी, आपका कैजुअल लुक सही नहीं आएगा। कई बार यही शर्ट बैगी लुक देने लगती है, या फिर हाफ शर्ट की बाहें बड़ी होती हैं और हाथ उठाने पर अंदर तक नजर चली जाती है।

### शायद ये अच्छा लगे या वो

कपड़ों के साथ प्रयोग करते रहना, आजकल की जरूरत है। फैशन का फंडा उन्हीं लोगों को साफ हो पाता है, जो स्टाइल के साथ प्रयोग करते रहते हैं। कैजुअल कपड़ों के साथ भी यही करना होता है। आप सिर्फ शर्ट, पैंट या शॉर्ट्स के साथ ये लुक लें, ये जरूरी नहीं है। इसके लिए आप स्पोर्ट्स जैकेट पहनिए तो ऐसी शर्ट भी जरूर लीजिए जो कैजुअल ब्लेजर के साथ ही अच्छी लगे। याद रखिए प्रयोग करने के लिए आपको नए से नए फैशन को अपनाने की हिम्मत जुटानी होगी।

